वर्ष 23, अंक 243, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net
प्रयागराज से प्रकाशित
नगर संस्करण प्रयागराज शुक्रवार 27 सितम्बर 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## इधर से करवा लो, उधर से... - राहुल गांधी

# जातिगत जनगणना पर राहुल गांधी ने बताया आरएसएस का प्लान



**हरियाणा :**
**हरियाणा** के असंध में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा. उन्होंने किसानों और युवाओं के मुद्दों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा. कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पूछा कि हरियाणा के युवा अमेरिका क्यों जा रहे हैं?

जातिगत जनगणना को लेकर बीजेपी को घेरा

कांग्रेस नेत राहुल गांधी ने अपने भाषण में जातिजगत जनगणा पर भी जोर दिया. उन्होंने कहा, "इलेक्शन कमीशन में बीजेपी के लोग, ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं में बीजेपी के लोग. यहां आपको गरीब और दूसरी जाति के लोग नहीं मिलेंगे. इसलिए हम जातिगत जनगणना की मांग कर रहे हैं."

### 'अमेरिका जाने के लिए जमीन बेचे'

**कांग्रेस** सांसद ने कहा, "जब मैं अमेरिका गया था, तो मैंने देखा कि एक कमरे में 15-20 लोग सो रहे थे. एक युवा ने मुझे बताया कि उनमें से कई ने अमेरिका आने के लिए 30-50 लाख रुपये का कर्ज लिया या अपनी जमीन बेची. जब मैंने उन्हें बताया कि वे उसी पैसे से हरियाणा में बिजनेस शुरू कर सकते हैं, तो उन्होंने कहा कि राज्य में ऐसा करना संभव नहीं है."


लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा, "जब मैं करनाल गया, तो मैंने एक बच्चे को कंप्यूटर पर चिल्लाते हुए अपने पिता से वीडियो कॉल के दौरान (अमेरिका से) वापस आने के लिए कहते देखा...हरियाणा सरकार ने राज्य और उसके युवाओं को खत्म कर दिया है."

रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, "ये लड़ाई हरियाणा नहीं, हिंदुस्तान को बचाने की है. देश की सारी संस्थाओं को आरएसएस के हवाले कर दिया गया है, जिस पर पूरा कंट्रोल नागपुर का है. उसमें हिंदुस्तान के 90 फीसदी लोगों के लिए कोई जगह नहीं है."

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा, "बीजेपी वाले संविधान पर हमला कर रहे हैं. हिंदुस्तान में किसकी कितनी आबादी है, हम उसे चेक करने के लिए कहते हैं. आरएसएस कहती है कि जाति जनगणना करना चाहिए, लेकिन अंदर से मना कर देती है. गरीब पिछड़ा आपको कहीं बड़े पोस्ट पर नहीं मिलेगा"।

# गांधी के समय 100 में से 85 रुपए भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ जाता था - राजनाथ

**झारखंड**
**केंद्रीय** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजीव गांधी के समय 100 रुपए अगर भेजे जाते थे तो आपके जेब में 15 रुपए पहुंचते थे। 85 रुपए भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ जाता था लेकिन आज अगर 100 रुपए दिल्ली के बैंक से भेजे जाते हैं तो 100 का 100 रुपए आपके खाते में पहुंचते हैं। ह्यभ्रष्टह्न मुख्यमंत्री झारखंड को विकास की ओर नहीं ले जा सकते। झारखंड के अभूतपूर्व विकास के लिए भाजपा को लगातार दो कार्यकाल दीजिए।



राजनाथ सिंह ने धनबाद में कहा कि दुनिया की कोई भी ताकत ह्यभ्रष्टह्न झामुमो के नेतृत्व वाले गठबंधन को विधानसभा चुनाव में झारखंड से बाहर होने से नहीं रोक सकती। जेएमएम का मतलब है जमकर मलाई मारो। झारखंड के सीएम तो बालू से भी तेलह्ननिकालने में माहिर हैं। झारखंड के आदिवासी भाइयों एवं बहनों का गौरवशाली इतिहास रहा है। झारखंड के विकास में तीन स्पीड ब्रेकर हैं। वैश्विक अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि 2027 तक अमेरिका, चीन के बाद भारत तीसरी शीर्ष अर्थव्यवस्था बन जायेगा। राजनाथ सिंह ने कहा कि झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भ्रष्टाचार के आरोपों में जेल जाने के बाद खुद को शहीद के तौर पर पेश कर रहे हैं।

केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजीव गांधी के समय 100 रुपए अगर भेजे जाते थे तो आपके जेब में 15 रुपए पहुंचते थे। 85 रुपए भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ जाता था लेकिन आज अगर 100 रुपए दिल्ली के बैंक से भेजे जाते हैं तो 100 का 100 रुपए आपके खाते में पहुंचते हैं। ह्यभ्रष्टह्न मुख्यमंत्री झारखंड को विकास की ओर नहीं ले जा सकते। झारखंड के अभूतपूर्व विकास के लिए भाजपा को लगातार दो कार्यकाल दीजिए। बीजेपी की परिवर्तन यात्रा को लेकर गोल्फ ग्राउंड में बारिश थमते ही समर्थक पहुंचने लगे। भारी बारिश के कारण लोग काफी देर तक परेशान रहे। बारिश रुकते ही मंच पर देशभक्ति गीत से माहौल राष्ट्रप्रेम से ओतप्रोत हो गया।

# मोदी जी बहुत ताकतवर, पर भगवान नहीं- केजरीवाल



केजरीवाल ने कहा कि आज मैं सीएम के साथ सड़क निरीक्षण के लिए गया था। मेरे जेल जाने से पहले दिल्ली विश्वविद्यालय की सड़कें बहुत अच्छी हुआ करती थीं और मैंने उनसे वहां की सड़कों की मरम्मत के लिए आदेश पारित करने के लिए कहा है।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को अपने इस्तीफे के बाद पहली बार दिल्ली विधानसभा को संबोधित करते हुए अपने विरोधियों पर कटाक्ष किया। इसके साथ ही उन्होंने जमानत के लिए भगवान का धन्यवाद भी किया। उन्होंने भाजपा पर तंज भरे लहजे में कहा कि विपक्ष में मेरे साथी मनीष सिसोदिया और मुझे यहां देखकर दुखी होंगे। उन्होंने अपना हमला जारी रखते हुए कहा कि मैं हमेशा कहता हूं कि पीएम मोदी बहुत शक्तिशाली हैं और उनके पास बहुत सारे संसाधन हैं लेकिन मोदी भगवान नहीं हैं लेकिन जो भगवान हैं वह हमारे साथ हैं। मैं सुप्रीम कोर्ट को धन्यवाद देना चाहता हूं। केजरीवाल ने कहा कि आज मैं सीएम के साथ सड़क निरीक्षण के लिए गया था। मेरे जेल जाने से पहले दिल्ली विश्वविद्यालय की सड़कें बहुत अच्छी हुआ करती थीं और मैंने उनसे वहां की सड़कों की मरम्मत के लिए आदेश पारित करने के लिए कहा है।

# अखिलेश के स्पेशल ठाकुर फोर्स वाले बयान पर चिराग पासवान का पलटवार



**उत्तर प्रदेश**
**उत्तर** प्रदेश के कौशांबी में केंद्रीय मंत्री और लोजपा (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का आगमन हुआ. उन्होंने चायल विधानसभा के मूरतगंज बाजार में वंचित समाज सम्मेलन को संबोधित किया. केंद्रीय मंत्री का कार्यकताओं ने उनका जगह-जगह स्वागत किया. इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आजादी के 70 साल बाद भी हम लोगों के साथ भेदभाव किया जा रहा है.

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अखिलेश यादव के स्पेशल ठाकुर फोर्स के एनकाउंटर पर के सवाल पर पलटवार करते हुए कहा कि ये वह लोग है जिन लोगों ने सुनियोजित तरीके से प्रयोजित कर एनकाउंटर अपने जमाने में करने का काम किया है. तभी इन लोगों को एनकांउटर की परिभाषा नहीं पता है. एनकाउंटर उन परिस्थिति में किया जाता है जिस परिस्थिति में कोई विकल्प प्रशासन के पास बचता नहीं है.

चिराग पासवान ने कहा कि एनकाउंटर कोई सुनियोजित हत्या नहीं होती और जो लोग इसकी परिभाषा को सुनियोजित हत्या मानते हैं उन लोगों ने संभवतः अपने अपने कार्यकाल में इस तरीके से एनकाउंटर कराए होंगे. आज की तारीख में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जिस तरीके से अपराधियों का मनोबल टूटा है, जिस तरीके से एक के बाद एक अपराधी की धर पकड़ साथ में जहां-जहां पर जरूरत पड़ी है जहां एनकाउंटर हुए हैं कहीं ना कहीं लॉ इन ऑर्डर को मजबूत करने का काम किया है. जो कभी भी समाजवादी पार्टी अपने रहते हुए नहीं कर पाई उनके जमाने के गुंडा राज को हमारी सरकार करने का काम किया है।

# जम्मू-कश्मीर में गरजे योगी को लेकर कर दिया बड़ा दावा




**जम्मू-कश्मीर**
**योगी** ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद की राजधानी के बजाय पर्यटन राजधानी के रूप में जाना जाता है। यूपी के मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय था जब बीजेपी को लाल चौक पर तिरंगा फहराने के लिए इजाजत लेनी पड़ती थी लेकिन आज राष्ट्रीय ध्वज ऊंचा लहरा रहा है। जम्मू-कश्मीर में 1 अक्टूबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के तीसरे और आखिरी चरण को भाजपा को बढ़ावा देने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज प्रचार की कमान संभाली। इस दौरान योगी ने कहा कि चल रहे विधानसभा चुनाव ऐतिहासिक होने जा रहे हैं और यदि बीजेपी सत्ता में आई, पाकिस्तान के कब्जे वाला कश्मीर (पीओके) स्वचालित रूप से भारतीय संघ में शामिल हो जाएगा। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पाकिस्तान लोकतंत्र को बचाने में नाकाम रहा है और देश गिर रहा है। योगी ने कहा कि बलूचिस्तान के लोग इस बहाने से पाकिस्तान सरकार की नीति का विरोध कर रहे हैं कि बलूचिस्तान के लोगों और बाकी पाकिस्तान की केमिस्ट्री बिल्कुल मेल नहीं खाती है। योगी ने कहा कि पाकिस्तान में आटे की कीमत 500 रुपये प्रति किलो है, जबकि प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी भारत के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन देते हैं और 60 करोड़ लोगों को 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज मिल रहा है, जिसे बढ़ाकर 7 लाख रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा, "पाकिस्तान डूब रहा है और भारत सभी मोर्चों पर प्रगति कर रहा है।" उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों के कारण करतारपुर गलियारा खुल सका।

योगी ने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद की राजधानी के बजाय पर्यटन राजधानी के रूप में जाना जाता है।

## मोदी-शाह ने खेला बड़ा दांव, जानें भाजपा में क्या पक रहा है

# वसुंधरा राजे बनेंगी भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष?

**जयपुर/कोटाः बीजेपी** के केंद्रीय संगठन में राजस्थान की हाडौती अंचल के नाम का डंका बजने के संकेत मिल रहे हैं। माना जा रहा है कि राजस्थान की दो बार मुख्यमंत्री रह चुकीं वसुंधरा राजे भाजपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकती हैं। इसे लेकर राजस्थान की सियासत में हलचल तेज है। बताया जा रहा है कि वसुंधरा राजे का नाम राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए संघ की पहली पसंद बना हुआ है। इस खबर के बाहर आने के बाद से वसुंधरा राजे खेमे में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है।



राजे को मिलने लगी सोशल मीडिया पर अग्रिम बधाईयां

राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने की अग्रिम बधाइयां भी वसुंधरा राजे को सोशल मीडिया पर मिलने लगी है। वसुंधरा राजे के अलावा संघ की तरफ से संजय जोशी का नाम रखा गया था। हालांकि यह बताया जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह की तरफ से शिवराज सिंह चौहान के नाम को आगे किया गया है। लेकिन संघ सिर्फ वसुंधरा राजे के नाम को राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए सबसे उपयुक्त नाम मान रहा है। पार्टी की ओर से फैसला क्या होगा ? खैर अभी यह देखने वाली बात है।

एक नजर में वसुंधरा राजे

वसुंधरा राजे राजस्थान की दो बार मुख्यमंत्री रही चुकी हैं। साल 2003 से 2008 तक और साल 2013 से 2018 तक वह राजस्थान की सीएम रहीं।

## लेबनान तुरंत छोड़ दें सभी भारतीय

**लेबनान**
**लेबनान** में पहले से मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को दृढ़ता से सलाह दी जाती है कि वो लेबनान छोड़ दें। जो लोग किसी कारण से रुके हुए हैं उन्हें अत्यंत सावधानी बरतने, अपनी गतिविधियों को रोकने और बेरूत में भारतीय दूतावास के संपर्क में रहने की सलाह दी जाती है। इजरायल और लेबनान के बीच लड़ाई अब भीषण रूप लेती जा रही है। इससे मीडिल ईस्ट में तनाव तेजी से बढ़ रहा है। इससे लेकर बेरूत स्थित भारतीय दूतावास ने लेबनान में भारतीय लोगों के लिए एडवाइजरी जारी कर दी।

## दोषियों की रिहाई से जुड़े आदेश में हुई टिप्पणियां हटाने से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

# बिलकिस बानो केसः गुजरात सरकार को झटका!

**गुजरातः बिलकिस** बानो केस में बीजेपी शासित गुजरात सरकार को बड़ा झटका लगा है. गुरुवार (26 सितंबर, 2024) को सुप्रीम कोर्ट ने मामले में दोषियों की रिहाई से जुड़े आदेश में की गई टिप्पणियों को हटाने से इनकार कर दिया.

गुजरात सरकार ने अपने खिलाफ की गई कुछ टिप्पणियों को हटाने का अनुरोध किया था. दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ बलात्कार और उसके परिवार की हत्या के दोषी 11 लोगों की समयपूर्व रिहाई को खारिज कर दिया था. इसी समय कोर्ट ने कुछ अहम टिप्पणियां की थीं.

गुजरात सरकार ने याचिका में क्या कहा?

गुजरात सरकार की याचिका में अदालत की इस टिप्पणी पर भी सवाल उठाया गया कि उसने "दोषियों के साथ मिलीभगत करके काम किया है." राज्य सरकार ने तर्क दिया कि यह टिप्पणी अनुचित है और मामले के रिकॉर्ड के खिलाफ है और याचिकाकर्ता के खिलाफ पक्षपातपूर्ण भी है. हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इससे असहमति जताई.



सुप्रीम कोर्ट ने क्या कहा?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, "समीक्षा याचिकाओं, चुनौती दिए गए आदेश और उनके साथ संलग्न दस्तावेजों का ध्यानपूर्वक अध्ययन करने के बाद, हम इस निष्कर्ष पर पहुंचे हैं कि रिकॉर्ड में कोई त्रुटि नहीं दिखाई देती है या समीक्षा याचिकाओं में कोई ऐसा गुण नहीं है, जिसके कारण चुनौती दिए गए आदेश पर पुनर्विचार किया जाए."

जनवरी में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि जिन 11 लोगों को गुजरात सरकार ने "अच्छे व्यवहार" के लिए रिहा किया था उन्हें जेल वापस लौटना होगा. अदालत ने एक ऐसे फैसले पर ऐतिहासिक आदेश देते हुए कहा कि राज्य सरकार इन लोगों को रिहा करने में सक्षम नहीं है, जिससे जनता में रोष फैल गया था।

# एमयूडीए स्कैम पर बवाल के बीच कर्नाटक सरकार का फैसला

## अब राज्य में बगैर अनुमति जांच नहीं कर पाएगी सीबीआई

**कर्नाटकः कर्नाटक** सरकार ने राज्य में मामलों की जांच के लिए सीबीआई को दी गई सामान्य सहमति गुरुवार (26 सितंबर) को वापस लेने का फैसला किया. मुख्यमंत्री सिद्धरमैया की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक के बाद कानून और संसदीय कार्य मंत्री एच के पाटिल ने कहा, ह्यह्यदिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम, 1946 के तहत कर्नाटक राज्य में आपराधिक मामलों की जांच के लिए सीबीआई को सामान्य सहमति देने वाली अधिसूचना वापस ले ली गई है.

दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना (डीएसपीई) अधिनियम, 1946 की धारा 6 के मुताबिक, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को राज्य सरकारों के अधिकार क्षेत्र में जांच करने के लिए संबंधित सरकारों से सहमति की जरूरत होती है.

कर्नाटक सरकार ने क्यों उठाया ये कदम?

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा, ह्यह्यऐसा इसलिए किया गया है क्योंकि यह स्पष्ट है कि सीबीआई या केंद्र सरकार अपने साधनों का उपयोग करते समय उनका विवेकपूर्ण उपयोग नहीं कर रही है. इसलिए, मामले-दर-मामले हम सत्यापन करेंगे और (सीबीआई जांच के लिए सहमति) देंगे. सामान्य सहमति वापस ले ली गई है.

क्या सीएम को बचाने के लिए लिया गया ये फैसला?



यह पूछे जाने पर कि क्या यह मुख्यमंत्री को बचाने के लिए किया जा रहा है, जो मैसूरु शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) प्लॉट आवंटन मामले में जांच का सामना कर रहे हैं, पाटिल ने कहा, ह्यह्यमुख्यमंत्री पर लोकायुक्त जांच के लिए अदालत का आदेश है, इसलिए ऐसा प्रश्न ही नहीं उठता. उन्होंने कहा कि दिन-प्रतिदिन यह चिंता व्यक्त की जा रही है कि कई मामलों में सीबीआई का दुरुपयोग किया जा रहा है. पाटिल ने कहा कि यहां तक ??

कि जो मामले राज्य सरकार ने सीबीआई को दिए थे या एजेंसी ने अपने हाथ में लिए थे, उनमें से कई में आरोपपत्र दाखिल नहीं किए गए. उन्होंने कहा, ह्यह्यउन्होंने (सीबीआई ने) आरोपपत्र दायर करने से इनकार कर दिया, उन्होंने कई खनन मामलों की जांच करने से इनकार कर दिया. यह पूछे जाने पर कि क्या सरकार ने ऐसा बीजेपी द्वारा कर्नाटक महर्षि वाल्मीकि अनुसूचित जनजाति विकास निगम कोष में हेराफेरी मामले की सीबीआई जांच की मांग को ध्यान में रखते हुए किया है।

# अब जॉब क्रिएटर भी बनेंगे उत्तराखंड के युवा, पुष्कर धामी की अगुवाई में घट गई पहाड़ी राज्य में बेरोजगारी

**देहरादूनः उत्तराखंड** के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली सरकार राज्य में रोजगार देने की दिशा में नए कीर्तिमान बना रही है। पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे (ढछऋ) रिपोर्ट में भी उत्तराखंड ने श्रमिक जनसंख्या औसत में राष्ट्रीय औसत को भी पीछे छोड़ दिया है। पिछले एक वर्ष में रोजगार के अवसर बढ़ने से राज्य में बेरोजगारी घटी है।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड को देश के अग्रणी राज्यों के साथ खड़ा करना हमारा संकल्प है। हम रोजगार के अधिकाधिक अवसर सृजित कर रहे हैं। सरकारी



क्षेत्र में ही 16 हजार से अधिक युवाओं को हमने नियुक्ति दी है। निजी क्षेत्र में भी यह सिलसिला शुरू हो चुका है। आगामी सालों में निवेश के अधिकांश करारों के धरातल पर उतरने से लाखों युवाओं को रोजगार मिलेगा। उत्तराखंड युवाओं को सिर्फ रोजगार ही नहीं देगा, बल्कि उन्हें दूसरों को रोजगार देने वाला भी बनाएगा।

उत्तराखंड में सभी आयु वर्गों में बेरोजगारी दर 4.5 प्रतिशत से घटकर 4.3 फीसदी पर आ गई है। 15-29 वर्ष के आयु वर्ग में 14.2 से घटकर 9.8 प्रतिशत पर आ गई है। वर्ष 2022-23 की तुलना में 2023-24 में सभी आयु वर्गों में श्रमिक जनसंख्या अनुपात में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। 15-29 वर्ष के आयु वर्ग में श्रमिक जनसंख्या अनुपात 27.5 प्रतिशत से बढ़कर 44.2 प्रतिशत हो गया है।

# छोटी ग्राम पंचायतों में धनाभाव के चलते समग्र विकास प्रभावित

अखंड भारत संदेश

## प्रदेश के मुख्य मंत्री से प्रधान संगठन ने अतिरिक्त बजट की माग उठाई



**कोरांव।** समग्र विकास के लिए तत्पर और लालाइत छोटी ग्राम पंचायतों के मुखिया प्रदेश सरकार से अतिरिक्त बजट की आश लगाए बैठे हैं। क्योंकि उन्हें ग्राम सभाओं में चुनाव दौरान जनता से कई तरह के किए गए वादों को भी पूरा करना एक बड़ी जिम्मेदारी है,किंतु ग्राम सभाओं में एक न एक कार्य सरकार और अधिकारियों के पसंदीदा कार्य भी करने की बाध्यताएं देखी जा रही हैं। दरअसल पहले ग्राम सभाओं में विद्यालयों की मरम्मतीकरण से ले कर नए क्लास रूमों के निर्माण हेतु प्रस्ताव के सापेक्ष शिक्षा विभाग से धन मिलता था,किंतु अब ग्राम सभा के सारे विकास कार्य ग्राम पंचायत निधियों पर थोप दिया गया है। किंतु अतिरिक्त बजट के अभाव में ग्राम सभा के जनहित,और समस्याओं के त्वरित निदान से ले कर कर्मियों के मानदेय आदि और विद्यालयों, सरकारी भवनों प्रशासनिक व्यय आदि तक की जिम्मेदारियां थोप दी गई हैं। जिससे ग्राम प्रधानों के समक्ष बड़ी समस्या उत्पन्न हो रही है। जिन गांवों में आबादी जन संख्या ज्यादा है वहां बजट ज्यादा आता है। जिससे उक्त ग्राम सभाओं के मुखिया तो काया कल्प आदि का कार्य कर रहे हैं किंतु जिन गांवों में बजट ही बहुत कम यानी मात्र नाम का है वहां काया कल्प आदि के कार्य प्रभावित हैं। सुनने में आया था कि छोटी ग्राम सभाओं को सरकार अतिरिक्त बजट प्रदान करेगी किंतु लोग इंतजार में हैं,जिससे विकास कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। गत दिवस नए खंड विकास अधिकारी कोरांव मनोज कुमार सिंह ने ग्राम पंचायत अल्हवा के ग्राम प्रधान के अनुरोध पर अल्हवा पहुंचे थे। उन्होंने विद्यालय के काया कल्प की बात कही। और कहा कि सारे कार्य बंद करके विद्यालयों की मरम्मती करण काया कल्प आदि का कार्य शुरू करें। किंतु प्रधान ने बीडीओ से कहा बजट मेरे ग्राम का बहुत कम है। फिर भी जीतना हो रहा है उतना कार्य करवा रहा हूं। समस्या यह है कि ग्राम सभा की भी विकास कार्य की कुछ जरूरत कार्यों को निपटाने की आवश्यकता है। जनता के भी नाराजगी को भी झेलना है। विद्यालयों के काया कल्प आदि के लिए राज्य वित्त में इतनी रकम नहीं कि ग्राम सभा के अन्य कार्य छोड़ कर सिर्फ सरकारी भवनों का ही काया कल्प हो। इसके लिए सरकार को धन देने की जरूरत है। आदेश देने से नहीं। ग्राम प्रधान गणों ने मनरेगा से भी कार्य किए जाने की बात रखी किंतु मनरेगा से स्वीकृति नहीं मिलती तो ग्राम प्रधान कहा से कार्य व्यवस्था करके बनवाए।

ग्राम प्रधान शहजादे ने बताया कि उक्त ग्राम सभा को बीडीओ साहब ने गोद भी लिया है। प्राथमिक विद्यालय अल्हवा की बिल्डिंग जर्जर हो गई हैं। छतें टपक रही हैं।फर्श उखड़ गई है। भोजनालय को और विद्यालय भवन तथा सचिवालय भवन काफी पुराना होने के कारण पुनः ध्वस्त कराकर नए निर्माण की आवश्यकता है। किंतु कोई अधिकारी ग्राम प्रधान को तरजीह नहीं दे रहे। सिर्फ जो आए काया कल्प कराने को हुक्म दे कर चला जाता है। लेकिन प्रधान की बातों को प्रस्ताओं को मांग पत्रों पर कोई अमल नहीं करता। प्रधान ने बताया कि विद्यालय में स्वक्छ जल,शोंचालय इस बाबत ग्राम प्रधान ने डीएम,सीडीओ,प्रदेश सरकार से भी ध्यान आकृष्ट किया है। क्योंकि जब तक अतिरिक्त बजट कोई नहीं आता न ही कोई मनरेगा आदि योजना से अथवा ब्लॉक से कार्य की अनुमति,धन राशि की स्वीकृति नहीं प्राप्त होती तब तक कई लाख रुपए के आने वाले उक्त भवनों का निर्माण या काया कल्प असंभव है।

फिलहाल खंड विकास अधिकारी ने काया कल्प कराने के लिए बार बार तो प्रधान से कहा किंतु धन की व्यवस्था पर चुप रहे। और कर्मचारियों से भी बोले हर कार्य रोक कर पहले काया कल्प कराएं। जो असंभव है। ग्राम प्रधान ने सरकार से अतिरिक्त बजट छोटी ग्राम सभा होने के नाते प्रदान किए जाने की मांग की है। जिससे समग्र विकास किया जा सके। ग्राम प्रधान ने बताया कि मैं खुद चाहता हूं कि काया कल्प हो विद्यालय आदि अच्छा लगे सुंदर दिखे। किंतु मात्र धन से परेशान हूं। जय जन प्रतिनिधियों से भी माग किया किंतु कोई धन नहीं दे रहा।

# संदिग्ध हालत में युवक फांसी के फंदे पर झूल कर दी जान

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** संदिग्ध हालत में युवक घर का कमरा बंद कर फांसी के फंदे पर लटक कर जान दे दी। परिजनों को पता चला तो पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा सुल्तानपुर खास के शिवपुर निवासी बाबूलाल का बडा पुत्र दीपक कुमार उर्फ मोछे 28 वर्ष मेहनत-मजदूरी करता था। ग्रामीणों के अनुसार वह नशा का आदि था।देर रात नशा करके परिजनों से लड़ाई झगड़ा किया।बताया गया है कि देर रात में वह घर के कमरे में जा कर दरवाजा अन्दर से बन्द कर लिया और फांसी का फंदा बना कर झूल गया। परिजनों को पता चलने पर वह देर रात पुलिस को सूचना दी। जिसपर पुलिस मौके पर पहुंच कर दरवाजा तोड कर झूल रहे शव को नीचे उतार कर पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया गया है कि मृतक दीपक कुमार नशे का लती था।तथा अविवाहित था।मृतक दो भाईयों में छोटे भाई दीलीप कुमार सरोज से बडा था।दो बहनों की शादी हो गई है।पिता बाबूलाल सरोज और माता गुलगुला देवी के साथ दीपक कुमार रहता था। दीपक की मौत पर परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# अखिलेश मिश्रा बने प्रयागराज ट्रक यूनियन के अध्यक्ष



**मेजा।** मेजारोड के प्रतिष्ठान में सैकड़ो मोटर मालिकों की समस्याओं के मद्देनजर अखिलेश मिश्रा को प्रयागराज ट्रक यूनियन का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। श्री मिश्रा के मनोनयन के बाद रंग बहादुर यादव (महामंत्री ट्रक यूनियन प्रयागराज ट्रक एसोसिएशन) ने उनका माल्यार्पण कर बधाई दी। इस दौरान वहां एकत्रित लोगों ने ताली बजाकर निर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत किया और मिठाई खिलाकर मुंह मीठा कराया। उल्लेखनीय है कि ट्रक यूनियन प्रयागराज का अध्यक्ष बनने के बाद अखिलेश मिश्रा ने कहा कि आज से सभी मोटर मालिकों के समक्ष अंडर लोडेड गाड़ी चलाने में प्रशासन,आरटीओऔर माइंस विभाग के अधिकारियों के द्वारा जो धन उगाही करते हुए नो एंट्री में एंट्री लेकर ओवरलोडिंग का काम करते थे अब उनका सपना पूरा नहीं होगा। ओवरलोडिंग देने वाले किसी भी क्रेशर प्लाट मालिक को अब बक्सा नहीं जाएगा। उनको हिदायत देते हुए उन्होंने यह चेतावनी दिया है कि आज से आप किसी भी गाड़ी को मानक के अनुसार ही माल लोड कर पाएंगे। अन्यथा आपके खिलाफ कार्रवाई होगी उसकी जिम्मेदारी आपकी स्वत होगी। इस दौरान यूनियन , कामता केसरी, राजेश यादव, दानिश फसीही,अभिषेक शर्मा उर्फ माला,अखिलेश दुबे कोना, प्रमोद शुक्ला, दुर्गेश यादव, सूरज सत्य ,विकास, निलेश, बबलू सोनी आदि रहे।

## बेसहारा की मदद : तहसील दार ने दिया सहारा

**कोरांव।** यमुनानगर के तहसील परिसर में रह रहे एक युवक के मृत्यु हो जाने पर बेसहारा मां मालती की मदद कर अधिवक्ता व तहसीलदार कोरांव सहारा बन गए। कोरांव तहसील परिसर में कई वर्षों से अशोक कुमार जैसल अपनी 95 वर्षीय बृद्ध मां के साथ रह रहा था। गुरुवार को सुबह अचानक अशोक कुमार जैसल की मृत्यु हो गई। उसके मौत के बाद उसकी बृद्ध मां के सामने अंधेरा छा गया और वह बेसहारा होकर शव के पास बैठ कर सिर पीट पीट कर रो रही थी। तहसील परिसर का वाकया होने के कारण अधिवक्ता व क्षेत्र पंचायत सदस्य,बार एसोसिएशन कोरांव के आडिटर यादवेन्द्र अहीर ने उक्त मृतक के शव के दाह संस्कार कराने के लिए पहल शुरू कर दी। उनके प्रयास से तहसीलदार कोरांव जमुना प्रसाद वर्मा,बार एसोसिएशन कोरांव के मंत्री विन्ध्वासिनी प्रसाद शुक्ल, देवराज सिंह,प्रधान, यादवेन्द्र अहीर ने सहयोग देकर मृतक के शव को उसके घर भिजवाया। उक्त मौके पर पीर मोहम्मद अधिवक्ता, आशुतोष तिवारी अधिवक्ता, रामेश्वर प्रसाद तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता, देवेन्द्र चतुवेर्दी एवं तहसील परिसर के मौजूद कर्मचारियों ने शोक संवेदना व्यक्त किया।

# श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन गुरु मां अनुरज्जिका ने सुनाई ध्रुव चरित्र की कथा

## कठौली गांव में हो रही श्रीमद् भागवत कथा का तीसरा दिन

अखंड भारत संदेश






**मेजा।** कठौली गांव में बीते 24 सितंबर से 30 सितंबर तक चलने वाले सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचिका डा अनुरज्जिका चतुर्वेदी ने अपनी मृदुल वाणी से ध्रुव चरित्र पर आधारित कथा सुनाई जिसे सुनकर उपस्थित श्रोतागण भाव विभोर हो उठे और भक्ति के रस में लीन होकर झूमने लगे। इस दौरान नजारा ऐसा रहा कि मानों भगवान श्रीकृष्ण सचमुच ही कठौली गांव में अवतरित हो गए हैं पूरा श्रीमद् भागवत कथा परिसर भक्तिभाव से गुंजायमान रहा। उल्लेखनीय है कि पितृपक्ष के मध्य चल श्रीमद् भागवत कथा दौरान बाबा भोलेनाथ के धाम काशी से पधारी मुख्य कथा व्यास श्रीमती चतुर्वेदी ने भक्तों को यह भी बताया कि जिन पितरों की मुक्ति गया श्राद्ध से भी नही हो पाती है ऐसे पितरों की मुक्ति श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने से निश्चित तौर पर हो जाती है। उन्होंने ने कहा कि पुमान, नरकान, त्रायतीति पुत्रः के अनुसार प्रत्येक पुत्र का दायित्व होता है कि वह अपने पितरों के प्रति श्रद्धा भाव से शास्त्रीय विधि विधान के तहत कृत कर्मों को करें और पितृ ऋण से उतृण होने का सद्प्रयास करें। कथा के मुख्य यजमान सुभाषचंद्र शर्मा और श्रीमती सुषमा शर्मा रही।27 सितंबर की कथा वामन अवतार एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर आधारित होगी। शुक्रवार इस कथा के श्रवण हेतु कार्यक्रम के आयोजक ने सभी भक्त गणों से शाय 4 बजे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील किया है। इस मौके पर कठौली गांव के प्रधान प्रतिनिधि हरिशंकर शर्मा पप्पू भैया जी,बालेंद्र कुमार गौतम, भानु प्रताप गौतम, डा अनिल शर्मा,ज्योति प्रकाश शर्मा, जिया लाल केशरी, रमेश केशरी, कमलेश पांडेय, सचिन अवस्थी, जितेंद्र शर्मा, नरेंद्र शर्मा तथा श्रीरामेश शर्मा ,श्रीमती सविता शर्मा स्व जालेंद्र,शुभम शर्मा व श्रीमती अंकिता शर्मा, निशांत शर्मा,एवं प्रिया शर्मा आदि के अलावा गांव के कई अन्य सम्मानित संभ्रांत श्रोतागण प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की मनाई जयंती एवं की सदस्यता अभियान पर चर्चा



**सहसों।** भारतीय जानता पार्टी मण्डल सहसों कार्यालय पर बुधवार को सायंकाल मण्डल अध्यक्ष अनिल सरोज की अध्यछता मे पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा गंगापार जिला प्रभारी उत्तर मौर्य एवं विशिष्ट अतिथि रामेश दुबे प्रभारी विधानसभा फूलपुर तथा वीरेंद्र बहादुर सिंह अध्यक्ष भूमि विकास बैंक फूलपुर, कुंवार मृगेंद्र सिंह मण्डल प्रभारी सहसों एवं पूर्व मंडल अध्यक्ष सहसों जय प्रकाश दुबे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित कर नमन एवं याद करते हुए जयंती मनाई। तथा उनके जीवन के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अपने-अपने विचार व्यक्त किए। जयंती कार्यक्रम के उपरांत जिला प्रभारी उत्तर मौर्य ने भाजपा संगठन में हो रहे प्राथमिक सदस्यता के प्रथम चरण पुरा करने के साथ सभी कार्यकताओं को अपना 100 नए सदस्यों को पार्टी में जोड़ना एवं संगठन द्वारा आदि विषयों पर दिशा निर्देश देते विस्तार से चर्चा किया है। इस मौके पर प्रमुख रूप से राजधर दूबे, संजय सिंह, राजेश सरोज, महेश सिंह, रंजन तिवारी, लवकुश बिंद, पुष्कर पटेल, रमाकांत पांडे,अशोक मिश्रा, बलवंत सिंह, संतोष सिंह, अमन राजपूत, मुन्ना दूबे, प्रमोद शुक्ला सहित आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# अथक प्रयास से चार दशक बाद कांग्रेस इलाहाबाद संसदीय सीट जीतने में कामयाब रही : इमरान



**करछना।** स्वास्तिक मंडपम गेस्ट हाउस साधु कुटी करछना में कांग्रेस प्रतिनिधि सम्मेलन संपन्न हुआ जिसमें जमुना पार के सभी न्याय पंचायत अध्यक्ष सभी मंडल अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष महिला कांग्रेस सेवादल एवं जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी शामिल रहे। बैठक के मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव इमरान खान उपस्थित रहे। अपने संबोधन में प्रदेश सचिव ने जमुनापार के संगठन की सराहना करते हुए सभी कार्यकताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि आपका अथक परिश्रम और प्रयास से चार दशक के बाद हम इलाहाबाद संसदीय सीट जीतने में कामयाब रहे इसके लिए आप सबको मुबारकबाद। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री अरुण तिवारी ने कहा की कार्यकताओं की ताकत है की हमने न केवल एक लंबे अंतराल के बाद इलाहाबाद संसदीय सीट हासिल की है बल्कि कांग्रेस के कार्यकताओं के समर्पण से कांग्रेस जन एक लंबी लड़ाई और संघर्ष के लिए तैयार रहें राहुल खड़गे के नेतृत्व में देश की भ्रष्टतम सरकार को अपदस्थ कर कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए एक जुट रहने की जरूरत है अध्यक्षता डॉ दिनेश कुमार सोनी ने किया कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष पंडित आसाराम मिश्रा शिवलाल कोल दीपक तिवारी जुनैद खान प्रकाश पांडे कौंधियारा का प्रतिनिधित्व कर रहे मोबीन अहमद शंकरगढ़ ब्लाक कांग्रेस कमेटी का प्रतिनिधित्व कर रहे यतीन्द्र श्रीवास्तव धर्मेंद्र द्विवेदी राम छबीले मिश्रा रंगराज सिंह , शिव विजय सिंह,सुरेश पटेल, शीतला प्रसाद पांडे,विनय कृष्ण पांडेय,राजेंद्र धरकार छोटेलाल कोल जैकी कोल राशिद अली नागेश पांडे , गजेन्द्र तिवारी,पवनेश कुमार सोनी , करुणा मिश्रा,माया मिश्रा संगीता सिंह मंजू, मंजू मांझी ममता,त्रिपुरारी मिश्रा सुनीता देवि अभिनेश ,राजकुमार पटेल के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## न्यूज झरोखा

### कांग्रेस के शीर्ष लोगों ने आयुष तिवारी को जिला महासचिव व सूरज पांडेय को ब्लाक अध्यक्ष की सौंपी कमान




**मेजा।** यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव डीपी त्रिपाठी के नेतृत्व में गुरुवार को मेजा विधान सभा के मटिही गांव में एक आवश्यक बैठक आयोजित हुई जिसमें आयुष तिवारी को जिला महासचिव यूथ कांग्रेस प्रयागराज और सूरज पाण्डेय को उरुवा विकास खंड का ब्लाक अध्यक्ष बनाया गया। उल्लेखनीय है कि यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा इस मनोनयन पर सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिला कर बधाई देते हुए दोनों नव निर्वाचित पदाधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान नवनिर्वाचित जिला महासचिव आयुष तिवारी ने पार्टी पदाधिकारियों का आभार जताते हुए कहा कि जिस भरोसा और विश्वास के साथ मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को यह जिम्मेदारी दी गई है उसे मैं पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निर्वहन करूंगा। वहीं ब्लाक अध्यक्ष के रूप में चुने गए सूरज पांडेय ने कहा कि पार्टी और संगठन को मजबूत करना ही हमारी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर अमन मिश्रा, सर्वेश पांडेय, धीरज पांडेय, विष्णु पांडेय, विकास पाण्डेय, निखिल, राहुल पटेल, राजेश सोनकर तथा रवि गौतम आदि के अलावा कई अन्य यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

### मेजा सड़क हादसे में मृत और घायल बच्चियों के प्रति जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने जताया दु:ख

**मेजा।** रिपब्लिकन पार्टी आफ इंडिया के प्रयागराज जिलाध्यक्ष संजय गौतम ने मेजा के टिकुरी में अनियंत्रित ट्रेलर द्वारा छात्राओं के रौदने की घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि समहन गांव की मृत हुई बच्ची को ईश्वर अपने श्रीचरणों में स्थान दें, एवं परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करें । साथ साथ उन्होंने घायल हुई बच्चियों के शीघ्र स्वास्थ लाभ के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। श्री गौतम ने कहा कि यह दुर्घटना दिल को झकझोर देने वाली तथा हृदयविदारक है इस दुर्घटना से क्षेत्र का संपूर्ण जनमानस बेहद दु:खी और आहत है। उन्होंने आगे कहा कि नो इंट्री के दौरान मेजारोड से आगे उक्त ट्रेलर कैसे घुसा पुलिस वालों ने रोका क्यों नहीं ? यह जांच का विषय है। जिलाध्यक्ष गौतम ने जनपद प्रयागराज के पुलिस आयुक्त से मांग किया है कि प्रयागराज में ओवर लोडेड ट्रकों के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध लगायें तथा स्कूल के शुरू होने तथा छुट्टी होने के समय पर , स्कूल के सामने तथा उन सड़कों पर यातायात की निगरानी इलाकाई पुलिस से सुनिश्चित करायें जिन सड़कों से स्कूली बच्चे पैदल या साइकिल से आते जाते हों ताकि इस प्रकार की दुर्घटना की पुनरावृत्ति न हो सके।

### दिव्यांगजन शिविर में 62 लोगों ने कराया पंजीकरण



**करछना।** गुरुवार विकास खंड करछना में सामाजिक अधिकारिता शिविर दिव्यांगजन निशुल्क सहायक उपकरण करने हेतु पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें डॉक्टरों द्वारा परीक्षण के पश्चात दिव्यांग जनो को सहायक उपकरण हेतु नामित किया गया जिसमें में 62 लोगों का परीक्षण कर पंजीकरण किया जिसमें व्हीलचेयर 4, वॉकिंग छड़ी 13 ट्राई साइकिल ,30 बैटरी रिक्शा, 15 सहित कुल 103 उपकरणों से संबंधित विकलांगज के लिए चयनित किया गया इस मौके पर अनिल कुमार माही सहायक विकास अधिकारी करछना उदयभान एवं शिविर में उपस्थित विकलांग जन के अलावा ब्लाक कर्मियों का योगदान सराहनीय रहा।

# किसान गोष्ठी आयोजित कर कांग्रेसी नेता सरकार विरोधी उठाई आवाज

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी द्वारा गुरुवार को भोपतपुर गांव में एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के सदस्य अशफाक अहमद ने गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किसानों, मजदूरों की समस्याओं पर भाजपा के शासनकाल में जनता महंगाई, बेरोजगारी और अन्य बुनियादी जरूरत की वस्तुओं के लिए आम जनमानस परेशान और बेहाल है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए जीवन रक्षक दवाइयां, किसानों से संबंधित उपयोगी वस्तुओं, महंगाई, बेरोजगारी, गरीबी एवं बिजली आदि समस्याओं एवं उपलब्धता तथा भ्रष्टाचार पर सरकार के खिलाफ विरोध करते हुए अपनी आवाज उठाते हुए कहा डीएपी उर्वरक की महंगाई एवं उसका केन्दो पर न मिलाना किसानों के लिए घोर समस्या का विषय है। उन्होंने कहा हमारे माननीय प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री लोगों का ध्यान महंगाई, बेरोजगारी से भटकाने के लिए दिनभर उद्घाटन और अपने नाम और फोटो लगवाने में व्यस्त हैं। किसान गोष्ठी को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेता एवं अधिवक्ता देवराज उपाध्याय ने कहा कि भाजपा सरकार किसान नवयुवको और जन विरोधी है। लोग महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त हैं यदि समय रहते हम और आप नहीं सोचेंगे तो देश की स्थिति बहुत भयावह हो जाएगी। उन्होंने जन समस्याओं का शीघ्र निदान हेतु सरकार से मांग करते हुए कहा अन्यथा किसान आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार की होगी। गोष्ठी में प्रमुख रूप से अमन मिश्रा भीम, मोहम्मद अयूब, मोहम्मद जमील, राहुल तिवारी, मोहम्मद सैलानी, गोविंद सिंह चंदेल, मोहम्मद शाहिद अनवर, विपिन मिश्रा, मकबूल आलम, दिलीप दुबे एवं गुलाब पासी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मांडा में 15 दिन ससुराल में रहने के बाद नव विवाहिता प्रेमी संग हुई फरार , पुलिस से शिकायत

**मांडा।** मांडा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली एक महिला ने अपनी बहू के प्रेमी संग फरार होने की शिकायत पुलिस से की। मांडा थाना क्षेत्र निवासिनी महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके बेटे की शादी बीते 21 अप्रैल 2024 को भदोही जिले के गोपीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी युवती से हुई थी। शादी के बाद विवाहिता 15 दिन तक ससुराल में रही, फिर मायके चली गई। 18 सितंबर को मांडा थाना क्षेत्र निवासी एक युवक बहू के मायके पहुंचा। परिजनों के सामने बहू को एक मोबाइल फोन दिया। युवक ने बताया कि उसके पति ने मोबाइल फोन भेजा है। बहू के परिजनों को एहसास हुआ कि आरोपी युवक बेटी के ससुराल से आया है और उसके स्वागत सत्कार में जुट गए। अगले दिन सेमराधनाथ धाम दर्शन के बहाने से नवविवाहिता बहू को लेकर आरोपी युवक भाग गया। नवविवाहिता अपने साथ आभूषण और 15 हजार रुपये लेकर गई। बहू के पिता ने भदोही पुलिस के साथ ही ससुराल पक्ष को घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी होने पर ससुराल पक्ष के लोगों के होश उड़ गए और युवती की तलाश में जुट गए। मंगलवार को मांडा पुलिस को तहरीर देकर बहू के तलाश की गुहार लगाई। मामले में इंस्पेक्टर मांडा शैलेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर पर जांच कराकर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## मामूली बात पर मार पीट मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मामूली बात को लेकर पडोसी ने मारा पीटा पुलिस ने दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम धानी का पूरा निवासी अजय कुमार पटेल पुत्र जीत लाल का आरोप है कि मामूली बात को लेकर उसे मारा पीटा गया गालियां दी गई।अजय कुमार ने मऊआइमा थाने में रोहित पटेल, प्रदीप कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# एसटीएफ ने बिशप जॉनसन स्कूल की पूर्व प्रिंसिपल को किया गिरफ्तार

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) समीक्षा अधिकारी-सहायक समीक्षा अधिकारी (आरओ-एआरओ) परीक्षा में पेपर लीक मामले में प्रयागराज एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। पुख्ता सबूत मिलने के बाद एसटीएफ ने बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल की प्रिंसिपल पारुल सोलोमन को गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ की टीम आरोपी प्रिंसिपल से पूछताछ करने में जुटी है। फरवरी 2024 में प्रश्न पत्र लीक मामले में पारुल का नाम सामने आया था। इसके बाद एसटीएफ सबूत एकत्र करने में जुटी थी। प्रिंसिपल की कुर्सी को लेकर विवाद के बाद आई थीं चर्चा में बिशप जॉनसन गर्ल्स स्कूल में प्रिंसिपल पद के लेकर मचे खींचतान के बाद जबरन चार्ज ग्रहण कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद स्कूल की प्रिंसिपल पारुल सोलोमन चर्चा में आई थीं। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि विशप मारेस एडगर दान की मौजूदगी में कुछ लोगों ने प्रिंसिपल के कक्ष का ताल तोड़कर नए प्रिंसिपल को चार्ज ग्रहण कराया गया। इसके बाद पारुल ने छेड़खानी और मुकदमा वापसी के लिए धमकी समेत कई मामले में इसाई धर्मगुरु एडगर दान के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था।

## दिवाकर भारतीय को मीडिया इंचार्ज बनाया गया

**झूंसी।** फूलपुर विधान सभा उपचुनाव 2024 तथा संविधान सम्मान सम्मेलन कार्यक्रम के प्रचार प्रसार हेतु अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पाण्डेय के निर्देश पर तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के सहमति से दिवाकर भारतीय को मीडिया इंचार्ज नियुक्त किया गया ' दिवाकर भारतीय को मीडिया इंचार्ज बनने पर महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप मिश्र अंशुमन प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा राजेश राकेश अशफाक अहमद लल्लन पटेल राम मनोरथ सरोज इश्तियाक अहमद बृजेश सिंह एकलाख अहमद अजेंद्र गौड़ अशोक सिंह, राम लखन यादव रमेश यादव दत्तात्रेय त्रिपाठी भोला तिवारी देवराज उपाध्याय अमरीश पाण्डेय, मुस्ताक बाबा सादाब अहमद आदि मौजूद रहे।

# महात्मा गांधी जी की जयंती मनाये जाने को लेकर अपर जिलाधिकारी नगर ने की बैठक

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी नगर मदन कुमार की अध्यक्षता में संगम सभागार में गुरूवार को महात्मा गांधी की 155वीं जयंती-02 अक्टूबर 2024, राष्ट्रीय पर्व को गरिमापूर्ण ढंग से मनाये जाने एवं इस अवसर पर आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों की तैयारियों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने गांधी जयंती राष्ट्रीय पर्व पर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पावन स्मृति व योगदान को याद करने एवं उनके कृतित्व व व्यक्तित्व से प्रेरणा लेने हेतु विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों से नगर क्षेत्र में मूर्तियों की साफ-सफाई, नगर की साफ-सफाई हेतु स्वच्छता अभियान एवं मलिन बस्ती के आस-पास व नदियों के किनारे विशेष साफ-सफाई कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने जिला पंचायतीराज अधिकारी को ग्राम पंचायतों में विशेष साफ-सफाई कराये जाने के लिए निर्देशित किया है। अपर जिलाधिकारी नगर ने सभी कार्यालयों में साफ-सफाई का कार्य 02 अक्टूबर के पूर्व ठीक ढंग से कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी से विद्यालयों में महात्मा गांधी जी के विचार दर्शन एवं जीवन परिचय पर आधारित निबंध कला, भाषण प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं चित्रकला का आयोजन कराये जाने के लिए कहा है। इस अवसर पर सभी सरकारी/अर्द्धसरकारी कार्यालयों एवं संस्थानों में राष्ट्रध्वज फहराया जायेगा तथा राष्ट्रगान गाया जायेगा। इसके साथ ही कार्यालयों में उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। इस शुभ अवसर पर क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी द्वारा चन्द्रशेखर आजाद पार्क गेट नं0-3 से क्रास कंट्री रेस का आयोजन, स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलिन बस्तियों में हेल्थ कैम्प, जिला अपराध निरोधक समिति द्वारा यातायात जागरूकता अभियान व सम्मान समारोह, पंजाबी सभा प्रयागराज द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं रक्तदान शिविर, प्रयागराज व्यापार मण्डल द्वारा खुल्दाबाद बालगृह में फल वितरण एवं अन्य सामाजिक संगठनों के द्वारा विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इस अवसर पर एडीएम आपूर्ति राजेश सिंह, अपर नगर मजिस्ट्रेट प्रथम संदीप कुमार, अपर नगर मजिस्ट्रेट द्वितीय प्रेम नारायण प्रजापति, अपर नगर मजिस्ट्रेट तृतीय सुदामा, एसडीएम बारा जयजीत कौर, एसडीएम सौरभ कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक पीएन सिंह, सिविल डिफेंस, व्यापार मण्डल, जिला अपराध निरोधक के प्रतिनिधिगणों सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# विक्रम ड्राइवर पर पर्स चोरी कर भागने का लगा आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**भुक्तभोगी ने नैनी कोतवाली में दी तहरीर**



**नैनी।** नैनी कोतवाली क्षेत्र के मेवालाल बगिया से एक युवक को विक्रम चालक ने अपनी आगे की सीट पर बैठा लिया छिवकी स्टेशन पर छोड़ने के लिए जैसे ही विक्रम चालक वैद्यनाथ कंपनी के समीप ही पहुंचा था कि चालक ने युवक को उतार कर छिवकी स्टेशन जाने से मना कर दिया। जब नीचे उतरकर पर्स को देखा तो वह गायब मिला जिसमें अठारह हजार रुपए थे। मिली जानकारी के अनुसार लव प्रसाद पुत्र स्वर्गीय सत्तू निवासी बाघपुर , थाना मांडा का रहने वाला है। वह एक वॉशिंग प्लांट पर कार्य करता है जो कि वह लोकपुर नैनी में है। वहीं युवक बुधवार को अठारह हजार रुपए की तनख्वाह मिली थी, जिसे पर्स में रखकर अपने घर मांडा के लिए जा रहा था। लेकिन वह घर तक नहीं पहुंच सका विक्रम चालक ने उसका पर्स पहले ही गायब कर दिया जिससे वह घबराया हुआ युवक काफी देर तक विक्रम चालक को ढूंढता रहा लेकिन तब तक विक्रम चालक रफूचक्कर हो चुका था। जिसके बाद युवक नैनी कोतवाली पहुंचकर अज्ञात विक्रम चालक के खिलाफ लिखित तहरीर दी है।

## औद्योगिक क्षेत्र में छात्र से लूटपाट में अज्ञात पर रिपोर्ट दर्ज

**नैनी।** नैनी औद्योगिक क्षेत्र के सरस्वती हाईटेक सिटी में छात्र से अभद्रता मारपीट और लूट के मामले में पीड़ित के पिता की ओर से अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। औद्योगिक क्षेत्र के चक पुरे मियां खुर्द, मियां का पुरा इलाके के रहने वाले थर्मेंद्र कुमार मिश्र ने औद्योगिक क्षेत्र में उनके बेटे से लूटपाट करने वाले अज्ञात बदमशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। धर्मेंद्र मिश्र के मुताबिक उनका बेटा उत्कर्ष मिश्रा एलएलबी का छात्र है। वह बुधवार शाम कॉलेज से घर के लिए निकला था। उसी दौरान रास्ते में चार अज्ञात बदमाशों ने उनके बेटे से पिस्तौल के बल पर दो तोले की सोने की जंजीर, मोबाइल फोन, अंगूठी, एटीएम कार्ड, कार्ड का पिन, पांच हजार रुपर्य लूट लिए। विरोध पर उसे जमकर मारापीटा।

# 7 थानेदार लाइन हाजिर,पुलिस कमिश्नर ने 100 दिन बाद किया फेरबदल



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में काफी दिनों बाद थाना प्रभारियों और चौकी इंचार्ज के कार्यक्षेत्र बदले गए हैं। सात थानेदारों को लाइन हाजिर कर दिया गया। यानि उनसे थानों का प्रभार लेकर पुलिस लाइन में आमद करा दी गई। जबकि कई थाना प्रभारियों को इधर से उधर किया गया। प्रयागराज कमिश्नरेट में नए पुलिस आयुक्त तरुण गाबा को 100 दिन पूरे हो गए हैं। काफी दिनों से चर्चा थी कि अब थानेदारों में बदलाव होंगे। पुलिस कमिश्नर ने कई थानेदारों से कुर्सी छीन ली तो कई दरोगाओं को चार्ज दे दिया। इंस्पेक्टर तुषार दत्त त्यागी को प्रभारी निरीक्षक दारागंज से प्रभारी निरीक्षक बारा स्थानान्तरित किया गया है। इंस्पेक्टर ज्ञानेश्वर मिश्र को प्रभारी नारकोटिक्स सेल, क्राइम ब्रांच से प्रभारी निरीक्षक दारागंज बना दिया गया। इंस्पेक्टर अनिल कुमार मिश्र को न्यायालय पुलिस आयुक्त से प्रभारी निरीक्षक नवाबगंज स्थानान्तरित किया गया।

# डीएम ने मुण्डेरा मण्डी स्थित वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने गुरूवार को मुण्डेरा स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट का भण्डारण सुरक्षित ढंग से पाया गया। उन्होंने वहां पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, सुरक्षा व्यवस्था तथा बारिस के दृष्टिगत कक्षों की स्थिति के बारे में जानकारी लेते हुए वेयर हाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दुरूस्त बनाये रखने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्रीमती पूजा मिश्रा, चकबन्दी विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# भाजपा पार्षद के भतीजे ने सफाईकर्मी को पीटा, नाराज साथियों ने घेरी कोतवाली



**प्रयागराज।** प्रयागराज नगर निगम की भाजपा पार्षद सुनीता चोपड़ा के भतीजे सनी चोपड़ा ने सफाई कर्मचारी की जमकर पिटाई कर दी। यही नहीं उसने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी होते ही सफाई कर्मचारियों ने बृहस्पतिवार को काम ठप करने के बाद कोतवाली का घेराव कर दिया। बड़ी संख्या में जुटे सफाई कर्मचारियों ने कोतवाली के सामने पुलिस और पार्षद के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।करीब तीन घंटे से हंगामा चल रहा है। भाजपा पार्षद भी मौके पर पहुंच गईं और उन्होंने समझौते का प्रयास किया, लेकिन सफाई कर्मचारी मानने के लिए तैयार नहीं हुए। वह आरोपी सनी चोपड़ा के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए गिरफ्तारी की मांग पर अड़े हैं। पार्षद सुनीता चोपड़ा का कहना है कि घटना रात की है। मनोज और विनोद नाम के दो सफाई कर्मियों ने भतीजे के साथ अभद्रता की और हाथापाई का प्रयास किया। इसके बाद पुलिस को बुलाया गया था। वह समझौते का प्रयास कर रही हैं। उधर, कर्मचारी नेताओं का कहना है कि वह किसी भी कीमत पर पीछे नहीं हटेंगे। भाजपा पार्षद के भतीजे पर जब तक एफआईआर दर्ज नहीं हो जाती है वह अपना आंदोलन और प्रदर्शन जारी रखेंगे और थाने के सामने से नहीं हटेंगे।

## बीएमएम ने महिला सखी के खिलाफ दी तहरीर

**मऊआइमा।** विकास खंड मऊआइमा में बीएम एम और उसके पति के खिलाफ महिला सखी द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमा को लेकर बी एम एम ने दर्जन भर महिलाओं को लेकर थाने पहुंच कर तहरीर दी। बुधवार को मऊआइमा के ग्राम बांका जलालपुर निवासनीय महिला सखी ने मऊआइमा विकास खंड में तैनात बीएमएम सारिका जायसवाल और उसके पति बहरिया में तैनात बीएमएम मनीष गुप्ता के खिलाफ मार पीट अभद्रता करने और मार पीट के दौरान साडी खुल जाने आदि में मुकदमा दर्ज कराया था। गुरूवार को बी एम एम सारिका जायसवाल और उसके पति मनीष गुप्ता दर्जनभर महिलाओं के साथ मऊआइमा थाना आए और महिला सखी,उसके पति और पुत्र के खिलाफ तहरीर दी तथा आरोप लगाया कि उक्त लोगों ने मार पीट किए मोबाइल छीनने की कोशिश किए एंव जान से मारने की धमकी दिए। थाने में तैनात पुलिसकर्मियों ने तहरीर लेकर कहे कि इंस्पेक्टर नहीं है। आने पर जांच करा कर कार्यवाही की जाएगी।

# नैनी में मानस रामलीला समिती ने किया पत्रकार वार्ता




**नैनी।** नैनी क्षेत्र में मानस रामलीला समिति के तत्वाधान में कॉटन मिल तिराहा में समिति के महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा के आवास पर पत्रकार वार्ता का आयोजन गुरुवार को किया गया। इस दौरान रामलीला में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जानकारी दी गई। संयोजक वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव ने बताया की इस रामलीला में पारदर्शिता, सुचिता सम्मान का विशेष ध्यान दिया जायेगा। समिति के महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा ने कार्यक्रम आगंतुक कार्यक्रम की जानकारी प्रदान की। अध्यक्ष धीरेन्द्र यादव ने कहा की यह रामलीला पुरानी परम्परा को कायम रखने हेतु उसी तरीके से किया जायेगा, जैसे एक सदी पूर्व राम लीला हुआ करती थी और ये आम जनमानस की मांग भी थी। पत्रकार वार्ता में पत्रकारगणों को अंग वस्त्र व पत्रिका और डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य संरक्षक समर बहादुर सिंह, अध्यक्ष धीरेन्द्र यादव, महामंत्री नयन कुमार कुशवाहा, संयोजक वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव, संरक्षकगण सुभाष केसरवानी, राकेश श्रीवास्तव, पीर मोहम्मद अजहर, कोषाध्यक्ष प्रदीप तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पं वीरेन्द शर्मा, मंत्री राज कुमार कुशवाहा, राज सिंह, सुधीर प्रजापति, संजय श्रीवास्तव, नन्द भाई आजाद, संजय जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहें। समिति के अध्यक्ष धीरेन्द्र यादव ने पत्रकारगणो में मुख्य रूप से गौरव केसरवानी, राजीव वर्मा, शिव मूरत केसरवानी, हजारी लाल कुशवाहा, राहुल जायसवाल, देवा श्रीवास्तव, घनश्याम शुक्ला, पवनेश उपाध्याय, मोहम्मद नसीम, रवि उपाध्याय, श्याम वर्मा, सुनील गिरी, दिलीप चन्द्र पाण्डेय, अखिलेश शुक्ला, राकेश गुप्ता, राजेश यादव, गजेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य को सम्मानित किया और आगामी रामलीला कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया।

# शुआट्स में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन कृषि मंत्रणा 2024 का आगाज

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** सैम हिगिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी और विज्ञान विश्व विद्यालय (शुआट्स) में कृषि व्यवसाय में उद्यमिता विकास और आत्मनिर्भर कृषि में कृषि तकनीक की स्थिरता पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन ह्यकृषि मंत्रणा 2024ह्ल का उद्घाटन यूपी कोऑपरेटिव फेडरेशन लिमिटेड के सभापति श्री बाल्मीकि जी त्रिपाठी ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो0डा0 राजेन्द्र बी. लाल ने की। एसकेआर कृषि विश्वविद्यालय बीकानेर के कुलपति डा. अरूण कुमार विशिष्ट अतिथि थे जिन्होंने कृषि उद्योग में स्थिरता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए अकादमिक नेतृत्व कोा महत्वपूर्ण बताया। श्री बाल्मीकि जी त्रिपाठी ने कृषि उन्नति के प्रति समर्पण, स्थायी कृषि को बढ़ावा देने में सहकारी समितियों के कार्य पर एक महत्वपूर्ण दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने किसानों की आर्थिक लचीलापन को मजबूत करने और कृषि अखंडता के संदर्भ में उन्हें सशक्त बनाने में सहकारी संरचनाओं के परिवर्तनकारी प्रभाव पर जोर दिया। कहा कि कीटनाशक के अधिक उपयोग का कुप्रभाव मानव स्वास्थ्य पर पढ़ रहा है, इस सम्बन्ध में किसनों को जागरूक करने की आवश्यकता है। उन्होंने पुरानी कृषि पद्धति, प्राकृतिक खेती का उपयोग कर उत्पादकता को बढ़ावा दिये जाने की बात कही। प्रो. (डॉ.) राजेंद्र बी. लाल ने खेती में उर्वरकों की महत्वपूर्ण भूमिका और उनके लाभों के बारे में बताया। कीटनाशक का सही मात्रा में और सही फसल के लिये उपयोग किया जाना चाहिये। उन्होंने प्रत्येक जिले में कृषि विभाग के अधिकारी और प्रसार वैज्ञानिकों को साथ साथ कार्य करने की जरूरत बताया जिससे तकनीक का आदान-प्रदान सम्यक व सुचारू रूप से हो सके और किसान लाभान्वित हो सकें। जी.पी सिंह, संयुक्त निदेशक, भारत सरकार ने कीटनाशक के उपयोग को लेकर भारत सरकार द्वारा जारी मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के बारे में बताते हुए किसानों को जागरूक करने की बात कही। प्रति कुलपति प्रशासन प्रो. बिस्वरूप मेहरा ने टिकाऊ प्रथाओं का समर्थन करने वाले और नई प्रौद्योगिकियों के उपयोग को बढ़ावा देने वाले नियमों को विकसित करने के लिए, शैक्षणिक संस्थानों, कृषि व्यवसायों और सरकारी एजेंसियों के बीच मजबूत सहयोग की बात कही। फेकल्टी डीन प्रो.डा. आशीष एस. नोएल ने सभी अतिथिगणों का स्वागत किया तथा शोधकताओं, वैज्ञानिकों, नीति निमार्ताओं से कृषि क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने और चुनौतियों के समाधान खोजने का आवाहन किया। अपर कुलसचिव प्रो.डा. सी. जॉन वेस्ली ने विश्वविद्यालय की 114 वर्षों की उपलब्धि को संक्षेप में बताया। संयुक्त कुलसचिव डा. अमीष जॉन स्टीफन ने संचालन किया। कार्यक्रम में बीएचयू के प्रोफेसर कल्याण, प्रो0 पी.एस0 बादल, भारत सरकार के प्लान्ट प्रोटेक्शन अधिकारी अमित कुमार सिंह, अधिवक्ता नीरज द्विवेदी, जे.पी. सिंह, पीसीएफ क्षेत्रीय प्रबंधक आदि उपस्थित रहे।


## कार्यालय जिला पंचायत , कौशाम्बी

पत्रांकः 894 /निविदा-जि0पं0कौ0/2024-25 दिनांक 26.09.2024

**अति अल्पकालिक ई-निविदा-सूचना**

जिला पंचायत कौशाम्बी व पंचायतीराज अनुभाग-2 के शासनादेश संख्याः 1488 (1) /33-2-2020 दिनांक : 24 जुलाई 2020 द्वारा जिला पंचायत कौशाम्बी व लोक निर्माण विभाग एवं सिंचाई विभाग के समस्त पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि कार्यालय पत्र संख्याः893/निविदा-जि0पं0कौ0/2024-25/ दिनांक 26.09.2024 के द्वारा पंचम राज्य योजनान्तर्गत से प्राप्त अनुदान के सापेक्ष कुल 21 निर्माण कार्यो की निविदा ई-टेण्डर प्रणाली के माध्यम से दिनांक 03.10.2024 को अपरान्ह 02.00 बजे तक आमंत्रित की गयी है, जिसे उक्त अवधि के दौरान निविदा कभी भी www.etender.up.nic.in पर अवलोकित व डाउनलोड/अपलोड किया जा सकता है। जिसका विवरण निम्नवत है-

1. निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि दिनांक 27.09.2024 समय सायं 05.00 बजे से।
2. निविदा डालने की अंतिम तिथि दिनांक 03.10.2024 समय अपरान्ह् 02.00 बजे तक।
3. ऑनलाईलन बिड खोलने की तिथि दिनांक 03.10.2024 समय अपरान्ह् 02.30 बजे से।
4. निविदा से सम्बन्धित अन्य जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अभियन्ता, जिला पंचायत, कौशाम्बी | अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, कौशाम्बी | अध्यक्ष, जिला पंचायत, कौशाम्बी

# जब तक समानता का अधिकार नहीं, तब तक नहीं रुकेंगे अपराधः प्रदेश अध्यक्ष

## रानीगंज में कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल व सांसद एसपी पटेल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** रानीगंज में कार्यकर्ता सम्मेलन एवं पीडीए जन पंचायत कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता घोपियामऊ चैराहा और गाजीपुर के बाग व अन्य जगहों में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष को जगह-जगह पर माला पहनकर स्वागत किया गया।

इस मौके पर समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ शिवपाल सिंह पटेल, एमएलसी मानसिंह यादव, रानीगंज विधायक आरके वर्मा भी मौजूद रहे। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के



प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल का स्वागत करते सांसद व विधायक।

प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि जब तक समानता का अधिकार नहीं मिलेगा, तब तक इस तरह के अपराध बढ़ते ही जाएंगे। मौजूदा सरकार में अपराध चरम पर है। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि समाजवादी पार्टी की रीड की हड्डी हमारे कार्यकर्ता ही हैं। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ शिवपाल सिंह पटेल ने कहा कि मौजूदा सरकार में ना तो रोजगार, मिल रहे, न तो नवयुवक को कोई कार्य मिल रहा। रानीगंज विधायक डॉक्टर आरके वर्मा ने कहा कि इस सरकार में आए दिन लोगों को फसाने की नई-नई तरकीब शुरू की जा रही है। इस मौके पर पूर्व विधायक नागेंद्र सिंह मुन्ना यादव, जिला महासचिव अब्दुल कादिर जिलानी, डॉक्टर शेर बहादुर यादव, संतोष यादव, शकील अहमद, आशुतोष पांडे, जावेद खान, गुलफाम खान, सफात खान, शेर बहादुर यादव, अहमद अली, उत्तम यादव मनीष पाल जगदीश यादव सैफी सिद्दीकी, माता प्रसाद दुबे, आदि लोग मौजूद रहे।

# रोल प्ले प्रतियोगिता में जीजीआईसी की छात्राओं का रहा दबदबा

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** राज्य शिक्षा संस्थान प्रयागराज में राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित रोल प्ले प्रतियोगिता 2024 का राज्य स्तरीय आयोजन संपन्न हुआ।

इसके मुख्य अतिथि भगवती सिंह सचिव माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज रहे। इस प्रतियोगिता में जनपद प्रतापगढ़ से चयनित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ की टीम जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा एवं गीता प्रधानाचार्य राजकीय बालिका इंटर कालेज प्रतापगढ़ के निर्देश के क्रम में डॉ मोहम्मद अनीस उप प्रधानाचार्य के कुशल नेतृत्व में नोडल अधिकारी डॉक्टर असमत नीलू अंसारी नोडल अधिकारी एवं पूनम सिंह के साथ प्रतिभा किया। रोल प्ले की टीम में शामिल छात्राएं



प्रमाण पत्र के साथ जीजीआईसी की छात्राएं व उनकी टीम।

स्वाति, मानसी, तमन्ना नाजिया, गीत भारती रहीं। छात्राओं की विशेष प्रदर्शन से प्रसन्न होकर सम्मानित निर्णायक मंडल ने प्रशंसा की।

### रेल कर्मियों ने काला फीता बांधकर जताया विरोध

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** एनपीएस और यूपीएस पेंशन के विरोध में उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन शाखा ने गुरुवार को काला फीता बांधकर विरोध जताया। उनकी मांग है कि दोनो पेंशन योजना कर्मचारी हित में नहीं हैं। शाखा अध्यक्ष मु अफजल खान, शाखा मंत्री धर्मेंद्र कुमार दूबे ,उपाध्यक्ष अजीत कुमार पाल, रंजन सिंह सहित तमाम कर्मचारियों ने भाग लिया।

# पुलिस जीप से घायल वृद्ध के समान का नहीं चल सका पता

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** रामगंज बाजार में हुई लूट का मौका मुवायना करने पहुंचे एडीजी प्रयागराज भानु भास्कर के काफिले में शामिल पुलिस जीप साइकिल सवार के साथ टेंपो में टक्कर हो गई थी।

इस दुर्घटना में घायल वृद्ध के सामानों का पता नहीं चल रहा है। बीते सोमवार को रामगंज बाजार में कारोबारी के मुनीम से चार लाख 15 हजार की लूट हो गई थी। जिसके मौका मुआयना के लिए एडीजी प्रयागराज भानु भास्कर आईजी प्रेम गौतम आए हुए थे। वापस लौटते समय तरदहा गांव के पास उनके काफिले में शामिल पुलिस जीप साइकिल सवार समेत टेंपो से टकरा गई थी। इस घटना में गजरिया गांव निवासी सूर्यमनि मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिनका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। उनका भाई गुरुवार को पट्टी कोतवाली आया। पीड़ित का आरोप है कि उसके भाई का बैग और मोबाइल गायब हो गया है, पता नहीं चल रहा है। बैग में उनके रिटायरमेंट का कागजात बैंक पासबुक व अन्य जरूरी कागजात व तीन हजार रुपये थे। जेब से मोबाइल भी गायब है। घायल वृद्ध की बैग का कुछ पता नहीं चल रहा है। पट्टी थाने जाने पर उसे कधई भेजा जाता है। कधई से पट्टी भेजा जा रहा है। दोनों थानों को यह जानकारी नहीं है कि दुर्घटना में घायल वृद्ध की बैग व मोबाइल कहां है।

### बाल कटाने गया पेट्रोल पंप कर्मचारी लापता, परिजनों ने दी तहरीर

**पट्टी, प्रतापगढ़।** बाल कटवाने गया एक पेट्रोल पंप कर्मचारी लापता हो गया है। बड़े भाई ने थाने पर गुमशुदगी की तहरीर दी है। दिलीपपुर थाना क्षेत्र के पूरे बेनीराम गांव निवासी शिवम मिश्रा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र दिया है कि उनका छोटा भाई सत्यम दो दिन पूर्व शाम चार बजे बाल कटवाने के लिए उड़ैयाडीह बाजार गया हुआ था, जहां से वह लापता हो गया है। सत्यम मकरा मनभवन स्थित पेट्रोल पंप पर विगत दो वर्षों से काम कर रहा था। हर संभावित स्थान पर खोज करने के बाद जब उसका कहीं पता नहीं चला तो बड़े भाई शिवम मिश्रा ने थाने पर गुमशुदगी की तहरीर देकर खोजे जाने की मांग की है। गायब होने के दिन से ही युवक का मोबाइल बंद आ रहा है। युवक के गायब होने से पूरा परिवार दुखी एवं परेशान है।

### ग्रामीणों ने आवास के नाम पर पैसा लेने की एसडीएम से की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** गोदल पट्टी गांव के ग्रामीणों ने क्षेत्रीय लेखपाल व प्रधान के खिलाफ गंभीर आरोप लगाते हुए एसडीएम से शिकायत की है। गांव के कई ग्रामीण गुरुवार को पट्टी तहसील आए ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल व ग्राम प्रधान भूमि का पट्टा देने के नाम पर ढाई हजार से पांच हजार लिया है। पैसा लेने के बाद किसी भी भूमि हीन व्यक्ति को कोई पट्टा नहीं मिल रहा है। गुरुवार को गोदलपट्टी गांव के रोहित कुमार, राजेश कुमार, राजीव कुमार, आलोक कुमार, समरनाथ, राकेश कुमार, प्रवीण कुमार, फूलचंद, सतीश शर्मा समेत कई लोग पट्टी तहसील आए। एसडीएम को लेखपाल व ग्राम प्रधान के विरुद्ध प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है एसडीएम पट्टी तनवीर अहमद ने तहसीलदार पट्टी को मामले की जांच कर कार्रवाई का आदेश दिया है।

### थाना अध्यक्ष को अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने किया सम्मानित

**पट्टी, प्रतापगढ़।** थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र के रामगंज नगर पंचायत में बीते सोमवार को चार लाख पन्द्रह हजार की दिन दहाड़े सुभाष चन्द त्रिपाठी से लूट हो गई थी। लूट का खुलासा बारह घंटे के अन्दर आसपुर देवसरा की पुलिस ने कर दिया था जिसको लेकर एडीजी भानू भास्कर सहित पुलिस के आला अधिकारीयों ने आसपुर देवसरा की पुलिस को प्रशस्त्रि पत्र देकर जमकर तारीफ की थी। इसी को लेकर थाना आसपुर देवसरा क्षेत्र के कई सम्भ्रांत व्यक्ति भी आज थाना आसपुर देवसरा पहुंच कर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार सिंह एवं उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह को अंग वस्त्र और माल्यार्पण करके मिष्ठान कराकर सम्मानित किया। इस समय अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय महासचिव पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिंह, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, बृजेश सिंह, दीपक सिंह, विजय प्रताप सिंह, गंगा प्रसाद सिंह, नन्हे सिंह, सिंटू सिंह, काशी प्रसाद यादव, रविसेन सिंह, भारत सिंह, पप्पू सिंह, अरविंद सिंह उपस्थित रहे।

# सफाई मित्र सुरक्षा शिविर में 40 सफाई कर्मचारियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

## नगर पालिका परिसर में मेडिकल कालेज के चिकित्सकों की टीम ने किया परीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी संजीव रंजन तथा नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी राकेश कुमार के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत नगर पालिका परिसर में सफाई मित्र सुरक्षा शिविर का आयोजन गुरुवार को किया गया जिसमें राजकीय मेडिकल कालेज के चिकित्सकों की टीम ने नगर पालिका के 40 सफाई कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।

बता दें कि शहर की गंदगी को साफ करने की जिम्मेदारी निभाने



नगर पालिका परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण करती चिकित्सकों की टीम।

वालों की प्रशासन स्वास्थ्य परीक्षण करवा रहा है। इससे सफाई कर्मचारी भी खुश दिखाई दिये। चिकित्सकों ने सफाई कर्मचारियों के अलावा नगर पालिका के अन्य कर्मचारियों का भी परीक्षण किया। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डा0 अविनाश तिवारी, डा0 शिवांगी के अलावा फार्मासिस्ट देवेन्द्र विश्वकर्मा, लैब टेक्नीशियन योगेश मिश्रा, आप्टोमैटिस्ट प्रशांत पाल तथा वार्ड ब्वाय धर्मेन्द्र शामिल थे। इस स्वास्थ्य शिविर में नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष सिंह व नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा0 प्रवीन रंजन को नगर पालिका में सम्पर्क सूत्र के रुप में कार्य कर रहे थे। इसके अलावा अवर अभियंता सभापति यादव, राजस्व निरीक्षक राजेश बिंद व लाल बहादुर सिंह, प्रशांत सिंह, अजीत कुमार सरोज, अरविन्द मिश्रा, आशुतोष, आदित्य व सफाई विभाग के सुपरवाइजर मौजूद रहे।

# लाखों खर्च के बावजूद भी विकास नदारद

### कुण्डा ब्लाक के शेरगढ़ गांव का मामला

**अखंड भारत संदेश**

**कुण्डा, प्रतापगढ़।** शेरगढ़ गांव मे विकास और मनमानी की खबरे गांव से निकल कर ब्लाक मुख्यालय तक आ पंहुची। लोगों का कहना है कि जिस रास्ते के विवाद को एमएलसी गोपाल भैया ने मध्यस्तता करके खुलवाया था वो आज भी अपने उद्धार का रास्ता देख रहा है।

ग्रामीणों ने मौके पर पहुंची भास्कर की टीम को बताया कि लम्बे संघर्ष के बाद इस रास्ते के विवाद को एमएलसी गोपाल भैया के हस्तक्षेप के बाद खुलवाया गया था। उन्होंने इसके निर्माण का निर्देश भी ब्लाक और प्रधान को दिया था लेकिन वर्षो बीतने के बाद भी इस रास्ते का उद्धार



विकास न होने पर लगा गंदगी का अम्बार।

नही हो पाया। दो दर्जन परिवारों के निकलने का एक मात्र रास्ता यही है जिससे होकर लोग गांव के मुख्य रास्ते तक आते है। लेकिन जब भी बारिश हो जाती है तो उन्हे भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गांव के नन्हे लाल, मीना देवी, राजू, अमृती देवी, विनोद कुमार, रेखा देवी, नन्हे लाल, सुभाष सरोज और अरविन्द पांडे आदि ने गांव के विकास पर सवाल खड़ा करते हुए बताया कि गांव के प्रधान सिर्फ मनमानी कर रहा है। इस सन्दर्भ मे बात करने के लिए जब ग्राम प्रधान को फोन लगाया गया तो उनके फोन कि घंटी बजती रही। उन्होंने फोन नही उठाया। एडिओ पंचायत से बात करने का प्रयास किया गया तो उन्होंने कहा कि इस समय वो बाहर है शिकायत करवाइये, देखते हैं। खंड विकास अधिकारी का प्रभारी पीडी के पास है, उनसे भी बात नही हो सकी लेकिन ग्रामीणों का आरोप संज्ञेय है।

### ग्राम प्रधान ने खुद के पैसे से साफ कराई नालियां

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** विकास क्षेत्र कालाकांकर की ग्राम पंचायत मुरस्सापुर ग्राम प्रधान संगीता देवी के पति समाज सेवी सुरेश कुमार यादव ने तीन चार दिनों से ग्राम पंचायत की अभी चोक हुई नालियों की साफ सफाई खुद के पैसे से प्राइवेट मजदूर से काम करवा रहे हैं। जब इस बारे में ग्राम प्रधान पति सुरेश कुमार यादव से जानकारी किया गया तो बताया कि ग्राम पंचायत में गंदगी व बज बजा रही नालिया से बीमारी फैलने की आशंका को देखते यह कार्य खुद के पैसे से करा रहा हूं। इसमें ग्राम समाज के खाते से एक भी पैसा नही लगाया जा रहा है।

# अनिकेत मिश्रा बने कांग्रेस सेवादल यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व0 नरसिंह प्रकाश मिश्रा के पौत्र अनिकेत मिश्रा को कांग्रेस सेवादल यूथ ब्रिगेड का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर आज जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय इंदिरा भवन पर अनिकेत मिश्रा को माला पहनाकर व लड्डू खिलाकर स्वागत किया गया। उपस्थित कांग्रेस जनों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। बैठक की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी ने व संचालन नगर अध्यक्ष इरफान अली ने की।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष डॉ0 नीरज त्रिपाठी ने कहा के जिले में युथ ब्रिगेड के गठन से युवा कांग्रेस से जुड़ेंगे और कांग्रेस मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि नेतृत्व ने जो विश्वास अनिकेत मिश्रा पर जताया है, मुझे पूरा भरोसा है कि वे उस पर खरे उतरेंगे। सेवादल जिलाध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने कहा कि हमसभी मिलकर युथ ब्रिगेड संगठन को मजबूत करेंगे। सेवादल के सभी



अनिकेत मिश्रा को प्रमाण पत्र देते जिलाध्यक्ष डा0 नीरज।

साथी एकजुट होकर ब्रिगेड को खड़ा करेंगे। सेवादल यूथ बिग्रेड के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अनिकेत मिश्रा ने शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, कोषाध्यक्ष वेदांत तिवारी, नगर अध्यक्ष इरफान अली, पीसीसी सदस्य डॉ0 प्रशांत देव शुक्ल, कांग्रेस सेवादल के प्रदेश सचिव प्रेम शंकर द्विवेदी, सेवादल उपाध्यक्ष राम रतन तिवारी, कांग्रेस सेवादल के नगर अध्यक्ष ज्योति कुमार तिवारी उर्फ गल्ली तिवारी, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष सरोज धुरिया, भवानी शंकर दूबे,फतेह बहादुर सिंह, अभय तिवारी, मो.असलम, विश्वास सिंह, अश्वनी उपाध्याय, बेलाल अहमद, मो0 इश्तियाक, जावेद अहमद,आशीष शुक्ला, सहित अनेक कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# महिलाएं परिवार व समाज का अभिन्न अंगः एडीजे

### शारदा संगीत महाविद्यालय में लगा विधिक साक्षरता शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश एवं जनपद न्यायाधीश अब्दुल शाहिद अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जेंडर समानता, महिलाओं के हित संरक्षण के लिए कानून एवं स्वच्छता विषय पर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन मुख्यालय स्थित शारदा संगीत महाविद्यालय पल्टन बाजार में आयोजित किया गया।

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला जज सुमित पवार अपर जिला जज ने कहा कि लैंगिक समानता का समग्र उद्देश्य एक ऐसा समाज बनाना है जिसमें महिला और पुरुष जीवन के सभी क्षेत्रों में समान अवसर एवं समान अधिकार प्राप्त करें। शिविर में लोगों को संबोधित करते हुए न्यायाधीश आशीष त्रिपाठी ने कहा कि महिलाएं परिवार एवं समाज का अभिन्न अंग है, इनके विकास से संपूर्ण देश का विकास होगा। महिलाओं के संरक्षण के लिए कार्यस्थल पर महिलाओं के उत्पीड़न से बचने के लिए कानून बनाए



विधिक साक्षरता शिविर में बोलते एडीजे सुमित पवार।

गए हैं। पूर्व बाल न्यायाधीश दयाराम मौर्य रत्न ने कहा कि संविधान की उद्देशिका में संवैधानिक मूल्य निहित हैं। इस अवसर पर विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अत्यंत प्रशंसनीय कार्य कर रहा है जिससे कमजोर लोगों को निशुल्क विधिक सहायता प्राप्त हो रही है। कार्यक्रम का संचालन पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राम प्रकाश पाण्डेय द्वारा किया गया। शिविर का संयोजन पीएलवी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गिरीश पाण्डेय, महेंद्र त्रिपाठी एवं अमन त्रिपाठी द्वारा किया गया। आए हुए अतिथियों के प्रति आभार शारदा संगीत महाविद्यालय के प्रबंधक आनंद मोहन ओझा द्वारा ज्ञापित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य वीना श्रीवास्तव, एडवोकेट अरविंद शुक्ल, श्लोक मिश्र, सुनील सिंह, दीपा मोदनवाल, अशोक कुमार तिवारी, सोनिया गुप्ता, श्रेया तिवारी, कोमल, बैभव, शिप्रा सरोज, प्रमोद सिंह यादव आदि लोग मौजूद रहे।

### उमरवैश्य नव युवक संघ के जिला अध्यक्ष बने शिव विलास

**प्रतापगढ़।** जिला उमरवैश्य समाज सभा की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष गुलाबचंद उमरवैश्य की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में जिले में समाज का विस्तार करते हुए नवयुवक संघ के नए पदाधिकारी नामित किए गए। समाज सभा के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने बताया कि नवयुवक संघ के जिला अध्यक्ष शिव विलास उमरवैश्य, महामंत्री अजय कुमार, कोषाध्यक्ष अरविंद उमरवैश्य को नामित किया गया है और अध्यक्ष, मंत्री को जिले की पूरी टीम बनाकर समाज सभा की अगली बैठक में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया गया है ताकी शपथ ग्रहण की कार्यवाही कराई जाए। समाज सभा के जिला अध्यक्ष गुलाब चंद्र ने कहा कि नव युवक संघ का पूरे जिले में नौजवानों की पूरी टीम बनाने का अनुरोध नव युवक संघ के जिला अध्यक्ष से किया गया है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री शोभनाथ व आभार ज्ञापन कोषाध्यक्ष मदनलाल उमरवैश्य ने किया। बैठक में कैलाश मैनेजर, देवेंद्र गुप्ता, श्री राम महुली, हनुमान प्रसाद, श्रवण कुमार, मदनलाल, रामजी पट्टी, राजाराम, शोभनाथ, महिमा गुप्ता, जगन्नाथ, अंतू, जवाहरलाल बच्चा, शिव विलास, अजय कुमार, अरविंद कुमार आदि बैठक में उपस्थित रहे।

### सत्यार्थ शंकर का सहायक वैज्ञानिक के पद पर हुआ चयन, हर्ष

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय शंकर त्रिपाठी के कनिष्ठ पुत्र सत्यार्थ शंकर त्रिपाठी, निवासी पूरे ईश्वरनाथ का चयन भाभा एटामिक रिसर्च सेंटर की इंदौर यूनिट राजा रमन्ना एडवांस टेक्नोलॉजी में सहायक वैज्ञानिक के पद पर होने पर बेल्हा में हर्ष का माहौल है। सत्यार्थ शंकर त्रिपाठी के चयन की जानकारी जिला कचहरी में अधिवक्ताओं ने एक दूसरे का मुंह मीठा करा कर खुशी का इजहार करते हुए कहा कि अधिवक्ता पुत्र ने बेल्हा का गौरव बढ़ाया है। सत्यार्थ शंकर ने प्रारम्भिक शिक्षा अपने ही जिले में हासिल की। पढ़ाई के दौरान से ही विज्ञान में रुचि थी, जिसके परिणामस्वरूप आज यह मुकाम हासिल किया है। सत्यार्थ शंकर त्रिपाठी का यह चयन विज्ञान और अनुसंधान क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा दायक साबित होगा। अधिवक्ता विजय शंकर त्रिपाठी ने बेटे के चयन पर गर्व जताया है। सत्यार्थ शंकर त्रिपाठी के चयन से परिवारीजनो का ही नहीं बल्कि समूचे जनपद के लिए गौरव बढ़ा है। इस दौरान हर्ष व्यक्त करने वालों में प्रमुख रूप से परमानंद मिश्र, राहुल शुक्ल, जूनियर बार महामंत्री संतोष सिंह प्रमोद मिश्र, धीरेंद्र तिवारी, विवेक शुक्ला, शिवेश शुक्ल, वरिष्ठ अधिकता सुरेश नारायण तिवारी, इबरार अहमद, पुष्पराज सिंह, अजीत शर्मा, खुबैब अहमद, शिव प्रकाश मिश्र, कमल दत्त मिश्र आदि अधिवक्ताओं ने बधाई दी।

# दुर्घटना में घायल मरीज की मौत पर अस्पताल में हंगामा

## परिजनों ने लगाया इलाज में लापरवाही का आरोप

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल पचास वर्षीय व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया और अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। रानीगंज के पूर्व विधायक धीरज ओझा ने पूरे मामले की जांच कराने के लिए मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल से कहा है। प्रिंसिपल ने जांच कमेटी गठित कर मामले की जांच के आदेश दिए है। सीएमएस से इसकी रिपोर्ट जल्द देने को कहा है।रानीगंज के रामगढ़ के (50) वर्षीय रवि शंकर तिवारी बुधवार की रात एक हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें मेडिकल कालेज से संबद्ध राजा प्रताप बहादुर अस्पताल की इमरजेंसी में रात को साढ़े ग्यारह बजे भर्ती कराए। इलाज के दौरान रात में साढ़े तीन बजे रवि शंकर की मौत हो गई। डाक्टर के अनुसार उनके सिर और पैर में गंभीर चोटें आई। उनकी मौत से नाराज परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए सुबह हंगामा करना शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि डाक्टर देखने तक नहीं आए। सही इलाज न मिलने की वजह से मौत हुई है। इसकी जानकारी रानीगंज के पूर्व भाजपा विधायक धीरज ओझा को हुई तो भी अस्पताल पहुंच गए और खरी खोटी सुनाई। सीएमएस और मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल से इस संबंध में बात भी की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### अस्पताल पहुंचे पूर्व विधायक धीरज ओझा ने मामले की जांच के लिए प्रिंसिपल को कहा

**क्या कहते हैं प्रिंसिपल...**

प्रतापगढ़। इस बारे में मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ सलिल कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि पूरे प्रकरण की जांच के लिए टीम गठित कर दी गई है। जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

### पूर्व प्रमुख पूर्णांशु ओझा ने बनाए 15 हजार सदस्य

**प्रतापगढ़।** गौरा ब्लॉक के पूर्व प्रमुख पूर्णाशु ओझा ने 15 हज़ार से अधिक लोगों को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनाकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व प्रमुख गौरा पूर्णाशु ओझा एवं पूर्व विधायक रानीगंज धीरज ओझा ने जिस प्रकार से मेहनत की है अगर इसी तरह से कार्यकर्ता मेहनत करने लगे तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देशानुसार पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर प्रत्येक कार्यकर्ता को 100 सदस्य बनाने थे। आज सभी कार्यकर्ता की मेहनत करने से भाजपा प्रतापगढ़ 1.72 लाख पार कर काशी क्षेत्र में प्रथम स्थान पर आ गया है जिसके लिए सभी का धन्यवाद कहा। जिला महामंत्री एवं जिला सदस्यता संयोजक राजेश सिंह ने बताया कि जिला अध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में जनपद प्रतापगढ़ काशी क्षेत्र ही नही प्रदेश में नया कीर्तिमान स्थापित करेगा।

# सड़क हादसे में मौत के बाद भीड़ ने किया धरना प्रदर्शन चक्का जाम

● मृतक के भाई ने मौके पर देखा दुर्घटना का दृश्य निजी रंजिश से भड़काने वाले घटना को हत्या करार देने पर उतावले, महिला निवासी लल्ली महाराज की सड़क दुर्घटना में मौत

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** थाना कौशाम्बी क्षेत्र के कैलाश पुर नहर के पास बुधवार की शाम तेज रफ्तार पिकप ने सामने से पैदल आ अधेड़ को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई मामले की सूचना परिवार के लोगों ने पुलिस को दिया पुलिस ने दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन दूसरे दिन गुरुवार को कुछ नेताओं ने मामले में राजनीतिक रंग देना शुरू कर दिया और हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन नारेबाजी शुरू कर दिया मामले की जानकारी मिलते ही भारी पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची और भीड़ को समझा बूझकर शांत कराया। जानकारी के अनुसार महिला ग्राम सभा निवासी सुभाष चन्द्र द्विवेदी उर्फ लल्ली महाराज उम्र 55 वर्ष पुत्र हरिनारायण बुधवार की शाम को अपने बहन के घर से वापस अपने घर जा रहे थे जैसे ही वह कैलाश पुर नहर के समीप पहुँचे सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकप ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई ।दुर्घटना के बाद चालक पिकप लेकर भाग निकला। दुर्घटना की सूचना परिजनों को मिलते ही मौके पर गांव वालों के साथ परिवार के लोगो ने मामले की सूचना पुलिस को दी पुलिस में दुर्घटना का मुकदमा दर्ज कर लिया लेकिन दूसरे दिन सुबह गुरुवार को गांव के लोगों के साथ परिवार के लोगों ने पहुँचकर शव को रोड पर रखकर चक्का जाम कर दिया। हत्या का मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग को लेकर भीड़ के लोग धरना प्रदर्शन नारेबाजी करने लगे सूचना मिलते ही कौशाम्बी थाना पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुँची और भीड़ को समझा बुझा कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है दुर्घटना करने वाले चालक का कुछ लोगों से पुरानी रंजिश है जिससे मामले में राजनीतिक रंग दिया जा रहा है।

## अधिकारियों द्वारा सिंह खाद भण्डार, म्योहर फर्म दुकान का किया गया निरीक्षण

**कौशाम्बी।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता/ कृषकगण रूपेश कुमार सिंह पुत्र बलवन्त सिंह, पुष्पाकर सिंह पुत्र रत्नाकर सिंह, सुधीर सिंह पुत्र स्व0 चन्द्रपाल सिंह,महेन्द्र सिंह पुत्र स्व0 सुरेन्द्र सिंह, अनीता सिंह पत्नी महेन्द्र सिंह,महेन्द्र सिंह पुत्र बलवन्त सिंह, गिरजेश सिंह पुत्र स्व0 बीरेन्द्र सिंह, बुद्धसेन सिंह पुत्र स्व0 गनेश सिंह एवं नरेश पुत्र भिखारी उक्त कृषकगणों द्वारा प्रार्थना-पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया था कि अपने-अपने खेतों में खेती करने के लिए धान बीज जो शक्ति कम्पनी का प्रजाति-ताज हाइब्रिड धान रू0 700 प्रति किग्रा0 की दर से सिंह खाद भण्डार से खरीदे थे, जो कि खेत में बोने के बाद पता चला कि ये बीज ताज कम्पनी का नही है, यह नकली बीज है और जब नकली बीज व असली बीज के पैकेट का मिलान किया गया तो पता चला कि जो नकली पैकेट है,उसमें ताज बीज की जगह ताज बीन लिखा हुआ है एवं कृषकगणों के साथ धोखा किया गया है और प्रार्थीगणों की फसल खराब हो गयी है। उपरोक्त प्रकरण पर जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में बुधवार को प्रभारी तहसीलदार/नायब तहसीलदार मंझनपुर, जिला कृषि अधिकारी डॉ0 सन्तराम एवं सहायक विकास अधिकारी (कृषि) के द्वारा सिंह खाद भण्डार, म्योहर प्रो0 शिवलोचन पुत्र बुधराज सिंह के फर्म दुकान का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय लगभग-15 शिकायतकर्ता/ कृषकगण भी उपस्थित रहे, मौके पर शिवलोचन द्वारा अवगत कराया गया कि 1.50 कुं0 बीज मेरे द्वारा कृषकों को दिया गया है। जबकि कृषकों द्वारा बताया गया कि लगभग 5.00 कुं0 ताज धान का हाइब्रिड बीज ग्राम म्योहर में कृषकों को बिक्री किया गया है, जबकि इसके पास बीज बिक्रय का लाइसेन्स जिला कृषि अधिकारी कार्यालय द्वारा निर्गत नहीं है। टीम द्वारा कृषकों के साथ उनके खेतों की खड़ी फसल का निरीक्षण भी किया गया। असली बीज की फसल अच्छी स्थिति में व परिपक्व अवस्था में है। जबकि नकली बीज की फसलों में केवल वानस्पतिक वृद्धि है, बाली अभी तक नही आयी है। जबकि दोनों खेतों में रोपाई एक साथ की गयी है एवं नकली और असली पैकेट मौजूद हैं दोनो पैकेट में भिन्नता भी है। प्रकरण में अधिकारियों द्वारा शिवलोचन (सिपाही लाल सिंह) पुत्र स्व0 बुद्धराज सिंह मै0 सिंह खाद भण्डार, म्योहर थाना करारी के विरूद्ध बिना लाइसेन्स निर्गत कराये, बीज का नकली व्यापार करने एवं कृषकों को नकली बीज बेंचकर धोखाधड़ी एवं आर्थिक नुकसान पहूँचाने के लिए इनके विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 एवं बीज अधिनियम,1966 के तहत प्राथमिकी रिपोर्ट दर्ज करायी है।

## कभी भी ब्लॉक प्रमुख के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत कर सकते हैं क्षेत्र पंचायत सदस्य

मूरतगंज ब्लॉक में निर्धारित बैठक न होने से क्षेत्र पंचायत सदस्य परेशान

**महगाव कौशांबी।** विकासखंड मूरतगंज में सरकारी योजनाएं धरातल पर नहीं उतर रही है योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की जमकर धज्जियां उड़ाई जा रही हैं पूरे ब्लॉक में खुलेआम कमीशन खोरी हो रही है खण्ड बिकास अधिकारी ने चुप्पी साध ली है जिससे एडीओ पंचायत मनमानी पर उतारू है ग्राम पंचायत के विकास कार्य में खुलेआम 30 प्रतिशत कमीशन वसूला जा रहा है विकासखंड कार्यालय मूरतगंज क्षेत्र में अभिलेखों में विकास कराकर धन हड़पे जा रहे हैं। नाम ना उजागर करने की शर्तों पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने ब्लॉक प्रमुख और खंड विकास अधिकारी पर मनमानी करने का आरोप लगाया है क्षेत्र पंचायत सदस्यों का कहना है कि ब्लॉक प्रमुख भी अपनी कुर्सी से गायब रहते हैं और इलाहाबाद में रहकर वह क्या क्या करते हैं जिससे वह जनता के उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे हैं ब्लॉक प्रमुख और खंड विकास अधिकारी के लगातार गायब रहने से कर्मचारी बेलगाम हो गए हैं और पूरे ब्लॉक क्षेत्र के गांव में कराए जाने वाले विकास कार्य में जमकर कमीशन बाजी हो रही है बढ़ते कमीशन के चलते विकास योजनाओं में मानक और गुणवत्ता गायब हो गई है जिससे विकास योजनाएं पूरी तरह से चौपट हैं लेकिन पंचायत सचिव एडीओ पंचायत के मनमानी पर अधिकारी से लेकर ब्लॉक प्रमुख तक रोक लगाने में सक्षम नहीं दिखाई पड़ रहे हैं जिससे योगी सरकार के भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था की खुलेआम धज्जियां उड़ती दिखाई पड़ रही है खंड विकास अधिकारी मूरतगंज तो लगातार गायब रहने के अभ्यस्त हो चुके हैं शासन से निर्धारित क्षेत्र पंचायत की बैठक भी नहीं बुलाई जाती है क्षेत्र पंचायत सदस्यों का कहना है कि बैठक न होने से क्षेत्र का विकास पूरी तरह से बाधित हो गया है दूसरी तरफ ब्लॉक प्रमुख के मनमानी से कई क्षेत्र पंचायत

## लूट करने वाले प्रधान पुत्र की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पत्रकारों ने दिया धरना



**कोखराज कौशांबी।** कोखराज थाना क्षेत्र के कशिया पश्चिम गांव के ग्राम प्रधान के पुत्र द्वारा तीन दिनों पहले खबर कवरेज के दौरान पत्रकार विष्णु सोनी और पत्रकार अजीत कुशवाहा के साथ गाली गलौज अभद्रता कर सोने की जंजीर और अंगूठी लूटने के मामले में कोखराज थाना में मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद भी प्रधान पुत्र की गिरफ्तारी पुलिस नहीं कर सकी है जिससे आक्रोशित पत्रकारों ने गुरुवार को धरना प्रदर्शन नारेबाजी कर प्रधान के लुटेरे पुत्र की गिरफ्तारी की मांग की है इस दौरान तहसील अध्यक्ष रवि कुमार वैश्य, मान सिंह महामंत्री, रवि अग्रहरि कोषाध्यक्ष, एजाज रानू,उपाध्यक्ष, धर्मेंद्र सोनकर,अंकित तिवारी वरिष्ठ उपाध्यक्ष, हिमांशु मिश्रा, संयुक्त मंत्री, रामबाबू मंत्री, अशोक कुमार आय ब्यय निरीक्षक, ज्ञानू सोनी,राज कुमार अस्वनी गुप्ता,नेहाल याकूब,अनुराधा सिंह यादव,अनिल कुमार, मो आरिफ ,मो नोसेफ,एकरार अहमद,विष्णु सोनी,अजीत कुशवाहा, शिव कुमार,आबिद,सत्य नारायण मौर्य, सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे।

## भारत सरकार के पूर्व केंद्रीय मंत्री धर्मवीर के 90 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि का होगा आयोजन

**कौशांबी।** भारत सरकार के भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री एवं प्रदेश के भूतपूर्व गृहमंत्री जननेता स्व0 धर्मवीर के 90 वीं जन्म जयंती पर दिनांक 30 सितंबर को प्रयागराज के सुलेम सराय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन होगा। इस दौरान 9:30 बजे वैदिक रीति रिवाज से हवन पूजन होगा। इसी क्रम में 10:30 से 11:30 के बीच ट्रांसपोर्ट नगर चौराहा स्थित उनके मूर्ति स्थल पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। उनका राजनीतिक क्षेत्र वर्तमान चायल कौशांबी रहा है। पूर्व सांसद शैलेंद्र कुमार ने अपने पिता के जन्म जयंती पर उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित करने की लोगों से अपील की है।

# माफियाओं ने फिर काट दिया दो हरे विशाल पेड़

रेंजर का कहना है कि थाना पुलिस लकड़ी माफिया को बल देकर कटवाती है हरे पेड़

क्षेत्र में हरे पेड़ के लगातार कटान से पुलिस से लेकर वन विभाग के अधिकारियों पर खड़े हो गए हैं बड़े सवाल

**अखंड भारत संदेश**



**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बरियावा पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम पंचायत जलालपुर शाना के मजरा समदा गांव में दो विशालकाय हरे फलदार महुआ के पेड़ को क्षेत्र का एक चर्चित लकड़ी माफिया ने काटकर धराशाही कर दिया है मामले की जानकारी वन विभाग के रेंजर को भी है और थाना पुलिस को भी जानकारी है लेकिन लकड़ी माफिया के अवैध तरीके से पेड़ काटने पर रोक नहीं लगाई गई है खबर लिखे जाने तक लकड़ी माफिया पर कार्रवाई नहीं की गई है अभी तक लकड़ी माफिया की गिरफ्तारी नहीं हुई है उसे जेल नहीं भेजा गया। जानकारी के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के जलालपुर शाना गांव में गुरुवार की सुबह इलाके का चर्चित लकड़ी माफिया अपने साथ कई मजदूरों को लेकर के पेट्रोलिंग आरा मशीन के साथ फलदार हरे पेड़ के पास पहुंचा और देखते-देखते विशालकाय महुआ के फलदार दो हरे पेड़ को काट दिया है एक तरफ योगी सरकार वृहद पौधारोपण की बात कर रही है जिला अधिकारी से लेकर मुख्य विकास अधिकारी और डीएफओ तक पौधारोपण के लिए एड़ी चोटी का जोर लग रहे हैं तो दूसरी तरफ लकड़ी माफिया प्रतिदिन हरे फलदार पेड़ को काट रहे हैं आखिर वन विभाग के अधिकारियों को यह दोहरा चरित्र कहां से आ रहा है इस संबंध में जब वन विभाग के रेंजर से बात की गयी तो उनका कहना है कि थाना पुलिस लकड़ी माफिया को बल देती है और थाना पुलिस हरे पेड़ को कटवाती है जिससे लकड़ी माफिया उनकी सुनवाई नहीं करते हैं रेंजर ने मौन स्वीकृति में स्वीकार किया है कि इलाके में इस लकड़ी माफिया द्वारा एक महीने के बीच में 100 से अधिक फलदार हरे पेड़ को काट दिया है लगातार कटान से पुलिस से लेकर वन विभाग के अधिकारियों पर बड़े सवाल खड़े हो गए हैं।

## न्यूज झरोखा

### लग्जरी गाड़ी से उतरने में अपने को अपमानित महसूस करते रहे चिराग पासवान

काफिला जाने के बाद चिराग पासवान के प्रति अपनी भड़ास निकालते देखे गए हैं कार्यकर्ता



**मनौरी कौशांबी।** केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्यान मंत्री चिराग पासवान का कौशांबी भ्रमण का कार्यक्रम गुरुवार को लगा था मनौरी पूरामुफ्ती चौराहे सहित कई स्थानों से उनका काफिला गुजरना था इस बात की सूचना उनके प्रोटोकॉल में शामिल थी सूचना मिलने के बाद उनके पार्टी के हजारों समर्थक चिराग पासवान के स्वागत में मनौरी बाजार और पूरामुफ़्ती चौराहे पर पहुंच गए उस समय तेज बारिश भी हो रही थी लेकिन बारिश के बाद भी चिराग पासवान का स्वागत करने के लिए हाथ में माला लेकर के कार्यकर्ता सड़क पर खड़े बेचैन दिखाई पड़ रहे थे कार्यकताओं ने उनके स्वागत में मंच बनाया 2 घंटे तक कार्यकताओं ने बरसात में भीगते हुए चिराग पासवान का सड़क पर इंतजार किया लेकिन उसके बाद चिराग पासवान का काफिला आया और कार्यकताओं के सम्मान में पानी फेर कर काफिला चला गया एक मिनट के लिए उनका काफिला मनौरी बाजार की सड़क पर रुका लेकिन गाड़ी से उतरने में चिराग पासवान अपने को अपमानित महसूस करते रहे और लक्जरी वाहन में सवार चिराग पासवान को लोगों ने माला पहनने का प्रयास किया लेकिन लग्जरी गाड़ी से वह बाहर नहीं उतरे कुछ लोगों ने जबरदस्ती घुस करके गाड़ी में खड़े चिराग पासवान को माला पहनने का प्रयास किया है चिराग पासवान की इस तरह कार्यकर्ता विरोधी इस सोच के चलते कार्यकताओं में जमकर नफरत और आक्रोश फैल गया और उनका काफिला जाने के बाद चिराग पासवान के प्रति लोग अपनी भड़ास निकालते देखे गए हैं।

### जमानत से छूटे भाइयों की गाली गलौज से आजिज वार्डवासियों ने एसडीएम कार्यालय में किया प्रदर्शन



**अझुवा कौशांबी।** अझुवा कस्बे के दबंग भाइयों के आतंक से वार्ड वासियों ने सिराथू तहसील में प्रदर्शन कर एसडीएम को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नगर पंचायत अझुवा वार्ड नंबर 9 इंदिरा नगर के दर्जनों व्यापारियों ने एसडीएम कार्यालय सिराथू में प्रदर्शन करते हुए बताया कि वार्ड के ही राजकुमार केसरवानी,विपिन केसरवानी और सत्यम केसरवानी पुत्र गण बनारसी लाल केसरवानी ने मुहल्ले में लोगो का जीना दुश्वार कर दिया आए दिन किसी न किसी को गाली गलौज कर मारपीट देते हैं पुलिस से शिकायत होती है लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती तीनों के आतंक से वार्ड वासी पुरुष महिलाएं त्रस्त हैं यह सभी शराबी व उद्दंड किस्म के व्यक्ति हैं जिनका उद्देश्य आतंक फैलाकर अपना दबदबा कायम करना है 25 सितंबर शाम को पुलिस ने कानूनी कार्रवाई कर न्यायालय को भेजा था वहां से जमानत करवाकर घर पहुंचकर वार्डवासियों को गाली गलौज कर तरह तरह की धमकी दे रहे हैं वार्डवासियों ने प्रदर्शन कर दबंग भाइयों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

## एन डी कॉन्वेंट स्कूल में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन




**हर्रायपुर कौशाम्बी।** युवा कार्यक्रम एवम खेल मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत मेरा भारत जिला कौशांबी के तत्वाधान में विकास खण्ड मूरतगंज के बजहां में परमवीर चक्र विजेता योगेंद्र यादव युवा मंडल के द्वारा एन डी कॉन्वेंट स्कूल एंड स्वर्गीय श्री समाधि महाराज बाबा सूरजपाल दास इंटर कॉलेज नसीरपुर ,मूरतगंज में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में युवा मंडल सदस्य एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। युवा मंडल अध्यक्ष द्वारा उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा सभी लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन युवा मंडल अध्यक्ष धनंजय यादव के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश कुमार सिंह ने सभी बच्चों को बताया कि अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखना जरूरी है इसलिए गंदगी नहीं करनी चाहिए। प्रधानाचार्य महेश कुमार ने बच्चों व स्टाफ को बताया कि हमें इसकी शुरूआत कार्यस्थल से करते हुए हर जगह की साफ सफाई रखनी चाहिए, जिससे बीमारी से बचाव हो सके। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य रामनरेश यादव अभिषेक साहू ,सुनील सिंह, कुलदीप साहू,एसपी यादव राधा रानी सरोज अग्रवाल आकांक्षा पाल नंदिता पाल आकांक्षा यादव ममता देवी आरती श्रीवास्तव रजवंती मनीषा विश्वकर्मा महरोज फात्मा ज्योति सैनी मुन्नी देवी कल्लो देवी उमेश यादव अजय यादव संतलाल यादव लवकुश कुशवाहा आदि लोग मौजूद रहे।

## एडवोकेट मान सिंह यादव ने उपाध्यक्ष पद से दिए इस्तीफा

**कौशांबी।** अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मान सिंह यादव इस्तीफा पत्र देकर शीघ्र चुनाव कराए जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हमारे संघ की वर्तमान कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो चुका है। चुनाव कराने की प्रक्रिया गतिमान नही हो पा रही है, जिससे हमारे संघ के बहुसंख्यक अधिवक्ताओं में संघ के प्रति असन्तोष व्याप्त है। वर्तमान कार्यकारिणी की निष्क्रियता की वजह से आगे भी चुनाव की सम्भावना क्षीण दिखायी दे रही है इसलिए सभी अधिवक्ताओ के सम्मान मे चुनाव शीघ्र कराये जाने का अनुरोध किया गया। और अपने पद से इस्तीफा दे दिया है

## देशी' विदेशी बियर भॉग की फुटकर एवं थोक दुकानें गॉधी जयंती पर रहेंगी बन्द

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश दशी/विदेशी मदिरा एवं बियर का व्यवस्थापन नियमावली यथा संशोधित एवं उत्तर प्रदेश आबकारी लाइसेंस (टेण्डर एवं नीलाम) नियमावली 1991(यथा संशोधित) के अनुपालन में जनपद-कौशाम्बी की दशी/विदशी/बियर एवं भॉग की समस्त फुटकर एवं थोक अनुज्ञापन तथा एफ0एल0-16/17 की समस्त दुकानें 02 अक्टूबर 2024 को गॉधी जयन्ती दिवस के अवसर पर पूर्ण रूप से बन्द रहेंगी। यह जानकारी जिला आबकारी अधिकारी श्री राजेश प्रसाद ने देते हुए बताया कि इस बन्दी के लिये अनुज्ञापियों को किसी प्रकार का प्रतिफल देय नही होगा।

## गरीबों की आवाज दबाने के लिए एसडीएम सिराथू की टीम करती है कार्यवाही

सुप्रीम कोर्ट के बुलडोजर कार्रवाई पर रोक के निर्देश के विपरीत मनमानी तरीके से तानाशाही से कानून व्यवस्था चलाना चाहते हैं एसडीएम

**कौशांबी** सरकारी जमीनों में कब्जा कराकर मालामाल होने वाली सिराथू तहसील की टीम शिकायत कताओं की आवाज दबाने के लिए शिकायत कताओं पर अत्याचार जुल्म ज्यादती कर उनके घरों पर बुलडोजर चला रही है जबकि बीते दिनों सुप्रीम कोर्ट ने बुलडोजर कार्यवाही पर पूरी तरह से रोक लगा दी है लेकिन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का भी पालन उप जिलाधिकारी सिराथू वा तहसीलदार सिराथू नहीं कर रहे हैं जिससे कानून की धज्जियां उड़ रही है और आम जनता गरीब कमजोर मजलूम दलित का योगी सरकार में खुलेआम अत्याचार अफसरो द्वारा किया जा रहा है ताजा मामला सिराथू तहसील के कादीपुर गांव के दलित सुरेंद्र कुमार उर्फ पप्पू पुत्र गोवर्धन का है सुरेंद्र कुमार के भाई हेमंत रावत ने सिराथू तहसीलदार और एसडीएम की शिकायत जिले से लेकर शासन तक की थी शिकायत में सच्चाई थी और जांच के दौरान अधिकारियों से लेकर आरोपियों पर कार्रवाई होना तय था लेकिन आरोपियों पर कार्यवाही करने के बजाय शिकायतकर्ता की आवाज दबाने के लिए उप जिलाधिकारी सिराथू की टीम शिकायतकर्ता हेमंत रावत के भाई सुरेंद्र कुमार के घर पहुँची और उनके घर में जेसीबी मशीन लगाकर के दिन दहाड़े घर गिरा दिया है घर के अंदर रखा सामान और गृहस्थी मकान में जमीन डोज हो गया है जिससे हेमंत रावत के भाई सुरेंद्र कुमार का लाखों का नुकसान हुआ है दलित दाने दाने को मोहताज हो गया उसके पास 2 जून की रोटी खाने की व्यवस्था नहीं रह गई है अब सवाल उठता है के क्या अधिकारियों की तानाशाही पर उनकी शिकायत करना गुनाह है आखिर योगी की सरकार में निष्पक्ष आवाज उठाने वाले लोगों की जुबान कब तक अफसर बंद करते रहेंगे न्याय करने के बजाय कब तक सिराथू तहसील के अफसर भ्रष्टाचार में लिप्त रहेंगे बताया जाता है की आराजी संख्या 303 में सुरेंद्र का जो आवास बना था उसी जमीन में दर्जनों लोगों ने मकान बनाया है लेकिन दर्जनों लोगों पर कार्रवाई नहीं हुए केवल हेमंत रावत से रंजिश रखने वाले तहसील प्रशासन ने उसके भाई सुरेंद्र का घर जेसीबी मशीन बुलडोजर लगाकर गिरा दिया है सुप्रीम कोर्ट ने जेसीबी मशीन बुलडोजर के कार्रवाई पर रोक लगाई है लेकिन एसडीएम सिराथू और तहसीलदार सिराथू सुप्रीम कोर्ट से अपने को बड़ा मानते हैं और वह सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के विपरीत मनमानी तरीके से तानाशाही से कानून व्यवस्था चलाना चाहते हैं।

# दुर्गा पूजा एवं दशहरा को सकुशल व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने के डीएम एसपी ने दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने आगामी पर्व/त्योहार पर शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ की बैठक





**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी एवं पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने आगामी पर्व त्योहार-दुर्गा पूजा एवं दशहरा आदि को सकुशल व शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराने तथा शान्ति व कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों एवं सम्भ्रान्त नागरिकों के साथ सम्राट उदयन सभागार में गुरुवार को बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से आगामी पर्व त्योहार-दुर्गा पूजा एवं दशहरा आदि को शान्तिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए अब तक की गई कार्यवाही यथा-पीस कमेटी की बैठक एवं प्रतिमा विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने आदि की जानकारी प्राप्त की गई। उन्होंने सम्भ्रान्त नागरिकों से समस्याओं सुझाओं को प्राप्त करते हुए अधिकारियों को तत्काल समस्या का निस्तारण करने के निर्देश दियें। उन्होंने कहा कि त्योहार को आपसी सौहार्द एवं भाईचारा के साथ मनाया जाय। सम्भ्रान्त नागरिकों ने कहा कि त्योहार को शान्तिपूर्ण एवं आपसी भाईचारा के साथ मनाया जायेंगा तथा कोई भी अप्रिय घटना नहीं होने दी जायेंगी। जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि प्रतिमा की स्थापना एवं रामलीला कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा अनुमति अवश्य प्राप्त कर लिया जाय। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों, क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को चिन्हित विसर्जन स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश देते हुए सभी ई0ओ0 एवं जिला पंचायतराज अधिकारी से कहा कि कर्मचारियों की ड्यूटी लगाकर विसर्जन स्थलों की साफ-सफाई एवं प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था तथा विसर्जन स्थल तालाब में पानी की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर लिया जाय। इसके साथ ही उन्होंने त्योहार रजिस्टर का भली-भॉति अध्ययन करने तथा संवेदनशील क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखने के भी निर्देश दियें। उन्होंने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को आवश्यकतानुसार विद्युत तारों को ऊॅचा करने के निर्देश दिये, ताकि कोई घटना न होने पाये। इसके साथ ही उन्होंने थानावार जे0ई0 की ड्यूटी लगाकर सूची उपलब्ध कराने के भी निर्देश दियें। उन्होंने सीएमओ को सीएचसी में आवश्यकतानुसार पीएचसी वार चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने व शोभायात्र विसर्जन मार्ग में भी टीम लगाये जाने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी ई0ओ0 को खराब स्ट्रीट लाइटों एवं हाईमास्क लाईटां को ठीक कराने के निर्देश दियें। उन्होंने कड़ाधाम में मेला के दृष्टिगत थाना प्रभारी कड़ाधाम एवं ई0ओ0 को पार्किंग की बेहतर एवं व्यवस्थित व्यवस्था आदि आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्हांने मेला स्थल में अस्थायी पुलिस चौकी स्थापित कराने के निर्देश दियें। उन्होंने सम्भ्रान्त नागरिकों से कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तत्काल उन्हें या पुलिस अधीक्षक या सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी को अवगत करायें, समस्या का तत्काल निस्तारण किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम स्थल पाण्डाल में आग बुझाने की सामग्री अवश्य रखी जाय। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दिया जाय। सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रखी जा रही है, शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करने वालो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेंगी जिलाधिकारी ने सभी आयोजकों से कहा कि आप लोगों द्वारा स्थापित सभी पाण्डालों में वालिण्टियर जरूर रखे जायें, रोस्टर के अनुसार पाण्डाल में उनकी मौजूदगी बनी रहें। उनके मोबाइल नम्बर सम्बन्धित पुलिस थाना एवं प्रशासन के अधिकारियां को उपलब्ध कराया जाय, ताकि किसी प्रकार की समस्या आने पर उसका निदान किया जा सकें। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को प्रतिमा स्थापना स्थलों एवं रामलीला स्थलों का भ्रमण कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा नई परम्परा की शुरूआत न होने पाये सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि प्रतिमाओं को ऐसे स्थल पर स्थापित किया जाय, जिससे मार्ग अवरूद्ध न होने पाये तथा पाण्डाल के ऊपर विद्युत की तार न गई हो एवं पुलिस की उपस्थिति में ही मूर्तियों को विसर्जन के लिए ले जाया जाय। उन्होंने क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से कहा कि आगामी त्योहार के दृष्टिगत भीड-भाड़ वाले क्षेत्रों बाजारों में विशेष सतर्कता रखी जाय, ताकि महिलाओं के साथ छेड़खानीचैन स्नैचिंग आदि घटनायें न होने पायें, पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगायी जाय। प्रतिमा स्थापित करने वाले रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ निरन्तर सम्पर्क में रहें। उन्होंने कहा कि एनजीटी के निदेर्शों के क्रम में किसी भी नदी में प्रतिमा का विसर्जन न होने पाये, इस पर विशेष ध्यान रखा जाय। उन्होंने आयोजकों से कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के अनुसार निर्धारित ध्वनि से अधिक ध्वनि में डीजे न बजायें। इसके साथ ही उन्होंने यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के भी निर्देश दियें। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी अजीत कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी प्रबुद्ध सिंह, अरूण कुमार गोंड, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार एवं कोषाधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं सम्भ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

### पर्यावरण को स्वस्थ बनाकर ही मनुष्य-स्वास्थ्य संभव

**हर** साल दुनियाभर में 26 सितंबर को विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस मनाया जाता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य है, पर्यावरणीय स्वास्थ्य का मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में जागरूकता पैदा करना। हम सभी जानते हैं कि स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण को बचाना कितना जरूरी है। जिस जगह हम रहते हैं, वहां पर्यावरण से जुड़ी हर चीज की देखभाल करना हर व्यक्ति का फर्ज होना चाहिए। हर बीमारी का उपचार प्रकृति एवं पर्यावरण में है। इस दिवस की 2024 की थीम है पर्यावरण स्वास्थ्य, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन के माध्यम से लचीले समुदायों का निर्माण ह्न प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन, औद्योगीकरण, शहरीकरण, वैश्वीकरण और प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिये गंभीर खतरा है। मनुष्य को घेर रही तरह-तरह की बीमारियों का सबसे बड़ा कारण प्रकृति के प्रति लापरवाही एवं उपेक्षा है। ग्लोबल वार्मिंग, वनों की कटाई, नदियों में गंदगी फैलाना, पशुओं को हानि पहुंचाना आदि पर्यावरणीय स्वास्थ्य के नुकसान पहुंचाने के कई कारण हैं। अनियोजित औद्योगीकरण, बढ़ता प्रदूषण, घटते रेगिस्तान एवं ग्लेशियर, नदियों के जलस्तर में गिरावट, पर्यावरण विनाश, प्रकृति के शोषण और इनके दुरुपयोग के प्रति असंवेदनशीलता पूरे विश्व को एक बड़े संकट की ओर ले जा रही है। इन संकटों के बीच प्राकृतिक पर्यावरण, वायु, जल, भोजन, आवास और समुदायों की गुणवत्ता में सुधार को बढ़ावा देने के लिये इस दिवस की विशेष प्रासंगिकता है।

26 सितंबर, 2011 को इंडोनेशिया में आयोजित शिखर सम्मेलन में इस दिन की स्थापना हुई थी। यह दिवस लोगों को पर्यावरण के कई पहलुओं के बारे में शिक्षित करने का एक साधन है जो किसी न किसी तरह से स्वास्थ्य पर प्रभाव डाल सकते हैं जैसे कि हवा और पानी की गुणवत्ता, ठोस अपशिष्ट निपटान, और खतरनाक पदार्थों का प्रभाव। यह दिवस मनुष्य स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण स्वास्थ्य की महत्वपूर्ण भूमिका को बढ़ावा देने और सभी निवासियों के जीवन के लिए आवश्यक पर्यावरण की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए पर्याप्त साधनों की खोज से जुड़ा है। हानिकारक पर्यावरणीय कारक श्वसन पथ के संक्रमण या जलजनित रोगों सहित विभिन्न गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं को बढ़ाती हैं। जलवायु परिवर्तन शमन और अनुकूलन पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिये मुख्य रूप से ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन को समाप्त करने, नवीकरणीय ऊर्जा, कुशल स्वास्थ्यवर्द्धक ऊर्जा उपयोग और वनीकरण पर आधारित हैं। शमन का अर्थ है लोगों के व्यवहार को बदलना और सूखे का सामना करने वाली फसलों को विकसित करना और सिंचाई प्रणालियों में सुधार जैसे कठोर और नरम उपायों के माध्यम से उपयुक्त जलवायु के लिए पर्यावरण में आवश्यक संशोधन करना।

विश्व पर्यावरण स्वास्थ्य दिवस इस बात की याद दिलाता है कि पर्यावरण संरक्षण केवल प्राकृतिक दुनिया का संरक्षण नहीं है, बल्कि लोगों के स्वास्थ्य और भविष्य की सुरक्षा है। इसलिए, जब लोग समुदायों में एक साथ मिलकर काम करते हैं।

# पर्यटन से पनपती है शांति एवं मुस्कान की संभावनाएं

- ललित गर्ग -

**विश्व पर्यटन** दिवस दुनियाभर में पर्यटन के महत्व और इसके सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक प्रभाव को उजागर करने के लिए मनाया जाता है। हर साल 27 सितंबर को आयोजित होने वाला यह दिन अंतरराष्ट्रीय एकता, शांति, सौहार्द और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देने में पर्यटन की शक्ति की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित करता है। इस दिवस की 2024 की थीम है ह्यपर्यटन और शांति ह्न दुनिया में शांति एवं अयुद्ध को बढ़ावा देने में पर्यटन की भूमिका महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह अंतर-सांस्कृतिक बातचीत को प्रोत्साहित करता है। लोग जितना अधिक यात्रा करते हैं, उतना ही वे विविध संस्कृतियों का अनुभव करते हैं, जिससे अधिक सहिष्णुता और समझ विकसित होती है, एक दूसरे के नजदीक आने का अवसर मिलता है। इससे शांति, अमन एवं सौहार्द का वातावरण निर्मित होता है। पर्यटन बाधाओं को तोड़ सकता है और राष्ट्रों के बीच स्थायी बंधन बना सकता है। यह रोजगार प्रदान करके और स्थायी प्रथाओं को बढ़ावा देकर स्थानीय समुदायों को ऊपर उठाने में भी मदद करता है, इस प्रकार क्षेत्रों की दीर्घकालिक शांति और समृद्धि में योगदान देता है।

पर्यटन न केवल एक आर्थिक चालक है, बल्कि एक अधिक समावेशी और शांतिपूर्ण दुनिया बनाने का एक साधन भी है। पर्यटन क्षेत्र वैश्विक अर्थव्यवस्था को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देता है और लाखों नौकरियाँ प्रदान करता है। यह स्थानीय व्यवसायों का समर्थन करता है और सामुदायिक बुनियादी ढाँचे में निवेश को प्रोत्साहित करता है। पर्यटन लोगों को अपनी संस्कृतियों, परंपराओं और ज्ञान को साझा करने का अवसर देता है। यह आदान-प्रदान सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने और विविध समुदायों के बीच सम्मान, सौहार्द, सद्भावना और समझ को बढ़ावा देने में मदद करता है। संधारणीय पर्यटन प्रथाएँ यात्रियों को पर्यावरण की रक्षा करने और जिम्मेदारी से यात्रा करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। इससे पारिस्थितिकी मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलती है और हमारे ग्रह की बेहतर देखभाल को बढ़ावा मिलता है। पर्यटन से स्थानीय क्षेत्रों में बेहतर सुविधाएँ और सेवाएँ मिल सकती हैं, जिससे आगंतुकों और निवासियों दोनों को लाभ होगा। यह विकास स्थानीय समुदायों के जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है।

भारत में पर्यटन उद्योग ने हाल के वर्षों में उल्लेखनीय वृद्धि दिखाई है। पर्यटन क्षेत्र द्वारा 2024 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 21.15 ट्रिलियन रुपये (लगभग 253 बिलियन डॉलर) जोड़ने का अनुमान है, जो पिछले वर्षों की तुलना में उल्लेखनीय वृद्धि दशार्ता है। भारत विश्व स्तर पर पाँचवाँ सबसे बड़ा यात्रा और पर्यटन बाजार बनने के लिए तैयार है, जिसका अनुमान है कि 2027 तक आउटबाउंड पर्यटन व्यय 89 बिलियन डॉलर तक पहुँच जाएगा, जो 2019 में 38 बिलियन डॉलर था। भारत असंख्य पर्यटन अनुभवों और मोहक स्थलों का देश है। चाहे भव्य स्मारक हों, प्राचीन मंदिर या मकबरे हों, नदी-झरने, प्राकृतिक मनोरम स्थल हो, इसके चमकीले रंगों और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रौद्योगिकी से चलने वाले इसके वर्तमान से अटूट संबंध है। केरल, शिमला, गोवा, आगरा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, मथुरा, काशी जैसी जगहें तो अपने विदेशी पर्यटकों के लिए हमेशा चर्चा



में रहती हैं। भारत में अपने लोगों के साथ लाखों विदेशी लोग प्रतिवर्ष भारत घूमने आते हैं। भारत में पर्यटन की उपयुक्त क्षमता है। यहां सभी प्रकार के पर्यटकों को चाहे वे साहसिक यात्रा पर हों, सांस्कृतिक यात्रा पर या वह तीर्थयात्रा करने आए हों या खूबसूरत समुद्री-तटों की यात्रा पर निकले हों, सबके लिए खूबसूरत जगहें हैं। दिल्ली, मुंबई, राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, दक्षिण भारत के अनेक राज्यों में तो लोगों को घूमते-घूमते महीना बीत जाते हैं। 2024 के लिए, इतिहास, संस्कृति और लुभावने परिदृश्यों से समृद्ध देश जॉर्जिया विश्व पर्यटन दिवस की मेजबानी करेगा। जॉर्जिया पूर्वी यूरोप और पश्चिमी एशिया के चौराहे पर स्थित है, जो संस्कृतियों का एक अनूठा मिश्रण पेश करता है। यह अपने प्राचीन चर्चों, वाइन क्षेत्रों और आश्चर्यजनक पर्वत श्रृंखलाओं के लिए प्रसिद्ध है। जॉर्जिया का पर्यटन क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, जिससे लाखों अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आकर्षित हो रहे हैं। अपने खूबसूरत नजारों के साथ, जॉर्जिया यह दिखाने के लिए एकदम सही जगह है कि पर्यटन किस तरह शांति और सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देता है। पर्यटन का महत्व और पर्यटन की लोकप्रियता को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1980 से 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया।

पर्यटन दिवस को वैश्विक पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रयास हेतु मील के पत्थर के रूप में देखा जाता है एवं इस दिवस को मनाने का उद्देश्य विश्व में इस बात को प्रसारित तथा जागरूकता फैलाने के लिए हैं कि किस प्रकार पर्यटन वैश्विक रूप से, सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक तथा आर्थिक मूल्यों को तथा आपसी समझ बढ़ाने में सहायता कर सकता है।

हर व्यक्ति किसी-ना-किसी परेशानी से घिरा हुआ है, भय और जीवनसंकट के इस दौर में ऐसा लगता है मानो खुशी एवं मुस्कान तो कहीं गुम हो गई है। बावजूद इन सबके हर व्यक्ति को अपने जीवन में कुछ समय ऐसा जरूर निकालना चाहिए जिसमें खुशी, शांति एवं प्रसन्नता के पल जीवंत हो सके, इसका सशक्त माध्यम है पर्यटन। पर्यटन सिर्फ हमारे जीवन में खुशियों के पलों को वापस लाने में ही मदद नहीं करेगा बल्कि यह किसी भी देश के सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का माध्यम भी बनेगा। कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन-उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती रही है। यूरोपीय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और भारत आदि ऐसे देश हैं जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। भारत जैसे देशों के लिए पर्यटन का खास महत्व है। देश की पुरातात्विक विरासत या सांस्कृतिक धरोहर केवल दार्शनिक, धार्मिक, सांस्कृतिक स्थल के लिए नहीं है बल्कि यह राजस्व प्राप्ति का भी स्रोत है। पर्यटन क्षेत्रों से कई लोगों की रोजी-रोटी भी जुड़ी है। आज भारत जैसे देशों को देखकर ही विश्व के लगभग सभी देशों में पुरानी और ऐतिहासिक इमारतों का संरक्षण, संवर्द्धन किया जाने लगा है। भारत में प्राचीन समय से पर्यटन की व्यापक संभावनाएं एवं स्थितियां रही है, लेकिन एक समय ऐसा आया जब भारत के पर्यटन स्थल खतरे में नजर आने लगे और लगने लगा कि शायद अब भारत पर्यटक स्थल के नाम पर पर्यटकों की पहली पसंद नहीं रहेगा। दुनिया में आई आर्थिक मंदी और आतंकवाद के चलते ऐसा लगने लगा कि पर्यटक अब भारत का रुख करना पसंद नहीं करेंगे, पर ऐसा नहीं हुआ।

# पर्यटन के क्षेत्र में रोजगार के बढ़ते अवसर

रमेश सर्राफ धमोरा

**संयुक्त राष्ट्र** विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने विश्व पर्यटन दिवस की स्थापना की। 1980 से हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इसी दिन यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गनाइजेशन के कानूनों को अपनाया गया था। विश्व पर्यटन दिवस 2024 की थीम पर्यटन और शांति है। इस थीम का उद्देश्य है कि पर्यटन समुदायों को बदल सकता है। रोजगार पैदा कर सकता है। समावेश को बढ़ावा दे सकता है और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत कर सकता है।

देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई करने में पर्यटन उद्योग का अच्छा खासा महत्व है। पर्यटन जिसे चिमनी विभिन्न उद्योग के नाम से भी जाना जाता हैं। आज भी लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है। भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी लोग भी पर्यटन के लिए यहां आने का लोभ छोड़ नहीं पाते हैं। यही नहीं देशी पर्यटक भी बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं।

भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है। जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है। विश्व पर्यटन दिवस एक वार्षिक आयोजन है। जिसका उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है।

विशेषज्ञों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा। देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नये रोजगार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर



रहे हैं।

देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वाले अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने लगभग एकमत से स्वीकार किया है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। इसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे-बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है। इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधाएं व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य से स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है।

पर्यटन प्रबंधन डिप्लोमा धारी व्यक्तियों के पर्यटक सूचना केंद्रों, ट्रैवल एजेंसी, होटल समूहो, विभिन्न हवाई कंपनियों के कार्यालयों टूर ऑपरेटर कंपनियों पर्यटन से जुड़ी पत्र-पत्रिकाओं, पर्यटक गाइड आदि में क्षेत्रों में काम करने का मौका अपेक्षाकृत आसानी से मिल सकता है। इस क्षेत्र में महिला कर्मियों की मांग भी तेजी से बढ़ने की पूरी संभावना है। पर्यटन प्रबंधन डिप्लोमा डिग्री धारी महिलाओं को विशेष रूप से उन पदों पर नियुक्ति के समय वरीयता दी जाती है जहां स्वागत करना या सूचना उपलब्ध कराने जैसे काम होते हैं। इसके पीछे तर्क दिया जाता है कि महिलाएं पुरुषों के मुकाबले कहीं अधिक सौम्य व मृदुभाषी होती है। वे नवागंतुक पर्यटक को आसानी से बातें समझा सकती है। टूरिस्ट गाइड के रूप में काम करने के अवसर इस क्षेत्र में संख्या की दृष्टि से सर्वाधिक कहे जा सकते हैं। कुछ वर्षों तक पर्यटन क्षेत्र के विभिन्न पहलुओं का अनुभव हासिल करने के बाद पर्यटन प्रबंधन प्रशिक्षण संस्थानों और विश्वविद्यालयों के पर्यटन शिक्षा में अध्यापन भी किया जा सकता है।

देश में पर्यटन से जुड़े लगभग सभी प्रशिक्षण पाठ्यक्रम ग्रेजुएशन के बाद के स्तर के हैं। विश्वविद्यालयों में पर्यटन क्षेत्र के भावी विस्तार को भांपते हुए पर्यटन शिक्षा विभाग तेजी से विकसित हो रहे हैं। इनमें मास्टर आफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन सरीखे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। दो वर्ष की अवधि वाले इन पाठ्यक्रमों में दाखिला पाने की मारामारी को देखते हुए लगभग प्रत्येक संस्थान प्रवेश परीक्षा के आधार पर दाखिला देता है। इन विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त निजी प्रशिक्षण संस्थानों में भी अंशकालिक, पूर्णकालिक डिप्लोमा प्रशिक्षण उपलब्ध है।

असल में पर्यटन डिप्लोमा डिग्री हासिल करने के बाद स्वरोजगार के क्षेत्र में पदार्पण करने के लिए राहें भी खुलती है। इसीलिए जरूरी नहीं कि लंबे अरसे तक नौकरी के लिए आवेदन भेज कर हाथ पर हाथ रखकर खाली बैठा जाए। टूर ऑपरेटर और ट्रैवल एजेंट जैसे काम बहुत कम पूंजी से शुरू किए जा सकते हैं। इसके लिए जरूरी नहीं कि आपके पास दो चार बस या कार हो। आप ट्रैवल एजेंट के तौर पर बुकिंग कर अन्य बस आपरेटरों से बस किराए पर लेकर भी टूर आयोजित करवा सकते हैं और अच्छा खासा कमीशन कमा सकते हैं। जिनमें स्थानीय साइट सीन, पर्यटक भ्रमण कार्यक्रम से लेकर तीर्थ यात्रा टूर, दूरदराज के पर्यटक स्थलों तक आदि मुख्य है।

अब तो विदेशों में स्वीटजरलैंड, पेरिस, थाईलैंड, हॉन्गकांग, सिंगापुर, लंदन, अमेरिका, कनाडा, मालदीप, नेपाल जैसी जगहों के लिए भी पैकेज टूर बनाए जाने लगे हैं। इनमें स्थानीय भ्रमण से लेकर हवाई यात्रा और होटल में ठहरने तक का समस्त खर्च सम्मिलित होता है। तमाम हवाई कंपनियों के अधिकृत टिकट विक्रेता एजेंट के रूप में भी बेची गई टिकटों पर निर्धारित प्रतिशत कमीशन की कमाई की जा सकती है।

आज अधिकांश सरकारी व निजी विश्वविद्यालयों में पर्यटन प्रशिक्षण के कोर्स चलाए जा रहे हैं। इसके अलावा भी देशभर में अनेकों निजी संस्थान पर्यटन के विभिन्न क्षेत्रों का प्रशिक्षण देती है। प्रशिक्षण के पश्चात सर्टिफिकेट भी दिए जाते हैं। राजस्थान पर्यटन विभाग समय-समय पर प्रदेश में गाइडों के प्रशिक्षण शिविर आयोजित करता है। जिसमें प्रशिक्षण प्राप्त कर चयनित गाइडों को विभाग द्वारा गाइड का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाता है। देश के अन्य राज्यों में भी इसी तरह के विभिन्न पाठ्यक्रमों का संचालन किया जा रहा है। जहां अध्ययन व प्रशिक्षण प्राप्त कर व्यक्ति पर्यटन के क्षेत्र में अपना कैरियर बना सकता है।

आज के समय में जहां हर देश की पहली जरूरत अर्थव्यवस्था को मजबूत करना हैं वहीं आज पर्यटन के कारण कई देशों की अर्थव्यवस्था पर्यटन उद्योग के इर्द-गिर्द घूमती है। यूरोपिय देश, तटीय अफ्रीकी देश, पूर्वी एशियाई देश, कनाड़ा, आस्ट्रेलिया आदि ऐसे देश है। जहां पर पर्यटन उद्योग से प्राप्त आय वहां की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करता है। पर्यटन विश्व का सबसे बड़ा क्षेत्र है। जो वैश्विक स्तर पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में 11 प्रतिशत योगदान देता है। भारत में यह अभी भी 6.23 प्रतिशत ही है। जबकि पड़ोसी देशों चीन (8.6), इण्डोनेशिया (9.2), मलेशिया (12.9), श्रीलंका (8.8) तथा थाइलैण्ड (13.9) है जो हमसे बहुत अधिक है।

वर्तमान में भारत वैश्विक यात्रा व पर्यटन विकास सूचकांक-2024 में 15 स्थान की छलांग लगाकर 39वें स्थान पर पहुंच गया है। 2021 में भारत 54 वें पायदान पर था। सूचकांक में अमेरिका पहले, स्पेन दूसरे, जापान तीसरे, फ्रांस चौथे और ऑस्ट्रेलिया पांचवें स्थान पर है। वहीं, जर्मनी छठे, यूनाइटेड किंगडम सातवें, चीन आठवें और इटली नौवें स्थान पर काबिज हैं।

# 'एक राष्ट, एक चुनाव' प्रस्ताव को आगे बढ़ाने के मार्ग में प्रधानमंत्री की बड़ी चुनौतियां

- कल्याणी शंकर

**अधिकांश** विपक्षी दल एक साथ चुनाव कराने के विचार को खारिज करते हैं। इनमें कांग्रेस, वामपंथी दल, तृणमूल कांग्रेस, क्षेत्रीय और अन्य छोटी पार्टियां शामिल हैं। वे मुख्य रूप से राजनीतिक प्रतिशोध के डर और इस आशंका के कारण इसे अस्वीकार करते हैं कि इससे भाजपा को लाभ हो सकता है। इस मुद्दे पर विचार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की समिति ने राजनीतिक दलों से राय लेने के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया है। बत्तीस दलों ने इसका समर्थन किया, जबकि 15 ने इसे अस्वीकार कर दिया।


एक राष्ट्र, एक चुनाव' का विचार संसद और सार्वजनिक बहस की ओर बढ़ रहा है। नरेंद्र मोदी सरकार ने पिछले सप्ताह इस मुद्दे को आगे बढ़ाने का फैसला किया। केन्द्रीय कैबिनेट ने आगामी सत्र में संसद में एक विधेयक लाने का फैसला किया। इस अवधारणा पर पहले भी कई बार बहस हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई राजनीतिक आम सहमति नहीं बन पायी है।

सत्तारूढ़ भाजपा लंबे समय से भारत के चुनाव प्रणाली को बदलने के लिए दबाव बना रही है। इस सम्बंध में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी और बाद में भाजपा नेता लालकृष्ण आडवाणी ने केन्द्र में सत्तारूढ़ कांग्रेस से संपर्क किया था जिसे कांग्रेस ने खारिज कर दिया था।

इस कदम का समय महत्वपूर्ण था, क्योंकि यह पिछले सप्ताह मोदी द्वारा अपने तीसरे कार्यकाल में 100 दिन पूरे करने का दिन था। यह उन महत्वपूर्ण चुनावी सुधारों में से एक है जिसे भाजपा ने लगभग दो दशकों से अपने घोषणापत्रों में शामिल किया है।

अनेकों को यह विचार प्रथम दृष्टया उचित और व्यवहार्य लगता है, परन्तु इस पर कई सवाल उठे हैं। क्या भारत इस तरह के सुधार के लिए तैयार है? क्या प्रधानमंत्री मोदी के पास संसद में संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत है? क्या कोई राजनीतिक सहमति है? ये कुछ ऐसे सवाल हैं जिनके जवाब की जरूरत है।

सबसे महत्वपूर्ण और प्राथमिक बात यह है कि विधेयक को लोकसभा में दो-तिहाई बहुमत




जुटाकर ही पारित किया जा सकता है। हाल ही में हुए 2024 के चुनावों में भाजपा सदन में बहुमत से भी 40 सीटें कम रह गयी थी और वह जद (यू) और तेलुगू देशम की मदद से ही सरकार बना सकी। भाजपा को सहयोगियों और अन्य दलों के समर्थन की भी जरूरत है।

भाजपा इस सुधार के पक्ष में है क्योंकि इससे चुनाव चक्र में बार-बार होने वाले बदलावों के कारण होने वाली रुकावटें खत्म होंगी। इससे चुनाव संबंधी खर्चों में भी कमी आयेगी।

अधिकांश विपक्षी दल एक साथ चुनाव कराने के विचार को खारिज करते हैं। इनमें कांग्रेस, वामपंथी दल, तृणमूल कांग्रेस, क्षेत्रीय और अन्य छोटी पार्टियां शामिल हैं। वे मुख्य रूप से राजनीतिक प्रतिशोध के डर और इस आशंका के कारण इसे अस्वीकार करते हैं कि इससे भाजपा को लाभ हो सकता है। इस मुद्दे पर विचार करने के लिए पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की समिति ने राजनीतिक दलों से राय लेने के बाद सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया है। बत्तीस दलों ने इसका समर्थन किया, जबकि 15 ने इसे अस्वीकार कर दिया।

कोविंद समिति ने यह भी संकेत दिया है कि केंद्र ने इस प्रस्ताव के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक पैनल बनाया है। साथ ही, सभी चुनावों के लिए एक संयुक्त मतदाता सूची होनी चाहिए ताकि मतदाता राष्ट्रीय, राज्य और स्थानीय चुनावों के लिए एक ही सूची का उपयोग करें। इससे मतदाता पंजीकरण में त्रुटियां कम होंगी। पैनल सभी हितधारकों से बात करने की योजना बना रहा है। वे वोटों को दो भागों में रखने का भी सुझाव देते हैं। पहला लोकसभा और विधानसभा के लिए होगा, और दूसरा स्थानीय समूहों के लिए होगा।

ऐतिहासिक रूप से 1952 से, जो पहला चुनाव हुआ था, 1967 तक, यह एक समन्वित चुनाव था। लेकिन इंदिरा गांधी के सत्ता में आने के बाद यह बदल गया। उन्होंने विपक्ष द्वारा शासित सरकारों को बर्खास्त करने के लिए अनुच्छेद 356 का इस्तेमाल करना शुरू किया और इस तरह अलग-अलग राज्य विधानसभा चुनाव शुरू हुए। यह आज तक जारी है।

इस विधेयक को संवैधानिक, कानूनी और राजनीतिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। पैनल ने देश में एक साथ चुनाव कराने के लिए संविधान के पांच अनुच्छेदों में संशोधन करने की सिफारिश की है जिनमें अनुच्छेद 83 और 172 में संशोधन भी शामिल हैं। भाजपा के पास बहुमत नहीं है, जबकि संवैधानिक संशोधन के लिए दो-तिहाई बहुमत की आवश्यकता होती है। साथ ही, संविधान इस बात पर चुप है कि चुनाव एक साथ होने चाहिए या नहीं। अंतिम परीक्षा यह है कि मोदी संसद में पर्याप्त संख्या में सांसदों को कैसे जुटायेंगे। दूसरा, राजनीतिक सहमति अभी बननी बाकी है। भाजपा ने विपक्षी दलों से निपटने या उन्हें सहमत करने की कोशिश नहीं की है। विपक्ष आक्रामक मूड में है और अभी तक सहमत नहीं हुआ है क्योंकि उनका मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से भाजपा को फायदा होगा। कांग्रेस जैसी बड़ी पार्टियां इसका विरोध कर रही हैं। वामपंथी दल, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुलमुस्लिमीन ने इस विचार को खारिज कर दिया है। 15 विपक्षी दलों के पास 205 सांसद हैं, जबकि मोदी को 362 वोट चाहिए। एक साथ चुनाव के लिए आवश्यक बदलावों को पूरा करने के लिए एक कानूनी ढांचे की भी जरूरत है।

## जिला जज, डीएम-एसपी ने जेल का किया संयुक्त त्रैमासिक निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** जिला कारागार का संयुक्त त्रैमासिक निरीक्षण गुरूवार को जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीलू मेनवाल व मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट राजेंद्र प्रसाद भारती ने किया गया।

गुरुवार को निरीक्षण के क्रम में जनपद न्यायाधीश ने महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों की विधिक समस्याओं को सुना। साथ ही जमानत, कानूनी सहायता सम्बन्धी आवश्यकताओं के लिए जेल अधीक्षक को उन बंदियों के प्रार्थना पत्र लेकर जिला विधिक सहायता प्राधिकरण के सहयोग से निवारण,



निरीक्षण करते अधिकारीगण।

महिलाओं व उनके साथ रह रहे बच्चों के खान-पान, कौशल प्रशिक्षण तथा परिसर की साफ सफाई बनाए रखने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। उन्होंने जेल में कौशल प्रशिक्षण व शिक्षा को प्रोत्साहन दिए जाने के निर्देश दिए। पाकशाला में भोजन का निरीक्षण किया। जिला जज ने कारागार की साफ सफाई प्रबंधन पर प्रसन्नता व्यक्त की।

उन्होंने हाई सिक्योरिटी की सुरक्षा व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही जेल अधीक्षक को सीसीटीवी के निरंतर संचालन तलाशी एवं सतर्कता के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनपद न्यायाधीश ने कारागार के भीतर भजन कीर्तन कर रहे बंदियों को प्रोत्साहित किया तथा अध्यात्म के द्वारा विचार व कर्म में परिवर्तन लाकर समाज की मुख्य धारा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। जिला जज ने कारागार अस्पताल में बंदियों का हाल चाल जाना। साथ ही बीमार बंदियों के समुचित उपचार व मानसिक रूप से बीमार बंदियों के विशेष देखभाल के लिए चिकित्सकों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

निरीक्षणकर्ता अधिकारियों ने जेल में शिव नादर फाऊंडेशन के सहयोग से चल रहे साक्षरता कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही जिला जज व अन्य अधिकारियों द्वारा शिक्षा प्राप्त कर रहे 30 बंदियों को शिक्षण किट्स का वितरण भी किया। किट में कॉपी, पेन, पेंसिल के साथ पाठ्य पुस्तकें भी रखी गईं।

इस मौके पर जेल अधीक्षक शशांक पांडेय, प्रभारी जेलर रजनीश सिंह, जेल चिकित्साधिकारी विकास सिंह, डिप्टी जेलर चितरंजन श्रीवास्तव, ब्रिज किशोरी आदि मौजूद रहे।

## तीन अक्टूबर से होगी क्षेत्रीय रैली

### छात्र-छात्रायें रैली में दिखायेंगे प्रतिभाग

**अखंड भारत संदेश**

**राजापुर/चित्रकूट।** स्व नाथूराम चंदेल संकट मोचन इंटर कॉलेज बछरन मे तीन दिवसीय क्षेत्रीय बालक-बालिका खेलकूद समारोह के बतौर मुख्य अतिथि वर्तमान सांसद कृष्णा देवी पटेल ने मां सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण कर व ध्वजारोहण कर क्षेत्रीय रैली का शुभारंभ किया जाएगा। आयोजक प्रधानाचार्य गोवर्धन सिंह ने बताया कि विशिष्ट अतिथि बतौर सदर विधायक अनिल प्रधान भी क्षेत्रीय रैली में शामिल होंगे।

3, 4 व 5 अक्टूबर से क्षेत्रीय बालक-बालिका खेलकूद समारोह आयोजित होगा। राजापुर क्षेत्र के संपूर्ण माध्यमिक विद्यालय भाग लेंगे। पांच अक्टूबर को ध्वजावतरण बाद समापन होगा। प्रधानाचार्य ने बताया कि खेलकूद जैसी प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्र के बालक - बालिकाओं की प्रतिभायें निखरकर



नाथूराम चंदेल संकट मोचन इंटर कॉलेज बछरन।

सामने आती हैं। यही बालक-बालिका प्रदेश-देश का प्रतिनिधित्व कर सकते हैं। खेल में प्रतिस्पर्धा होनी चाहिए। जो बालक-बालिकायें इस प्रतियोगिता में सफल नहीं हो सकेंगे, वे आगे कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त कर सकते हैं। खेलकूद से मानव जीवन का बहुत पुराना सम्बन्ध है। जिससे शारीरिक विकास के साथ साथ मानसिक विकास भी होता है। आयोजक प्रधानाचार्य गोवर्धन सिंह व प्रबंधक राजकुमार सिंह ने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है जिसमें राजपुर क्षेत्र के प्रधानाचार्य व्यायाम शिक्षकों से अपील किया है की इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में अपनी सहभागिता अवश्य दें।

## विद्यार्थी परिषद ने चलाया सदस्यता अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अखिल भारतीय विद्यार्थी चित्रकूट कानपुर प्रांत ने पहाडी नगर के विद्यालयों में सदस्यता अभियान चलाया गया। विद्यालयों में जाकर संपर्क किया गया। साथ ही छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सदस्यता दिलाई गई।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद प्रत्येक वर्ष की भांति सदस्यता अभियान पूरे कानपुर प्रांत में चला रहा है। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के सभी इण्टर कॉलिज, महाविद्यालय तथा विश्वविद्यालय में विद्यार्थी परिषद का सदस्यता अभियान चल रहा है। जिसके माध्यम से विद्यालय, महाविद्यालय विश्वविद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राएं विद्यार्थी परिषद के सदस्य बन रहे हैं। एबीवीपी चित्रकूट कानपुर प्रांत द्वारा इस वर्ष जिले के प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान में सदस्यता अभियान चलाया जाएगा।

जिसके माध्यम से हजारों छात्र-छात्राओं व शिक्षकों को विद्यार्थी परिषद के सदस्य बनाया जाएगा। पहाडी नगर के शांति देवी इण्टर कॉलिज, पालेश्वर नाथ इण्टर कॉलिज में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमें हजारों छात्राओं और शिक्षकों ने सदस्यता ग्रहण की। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव से छात्र हित में कार्य करता चला आ रहा है। इस मौके पर जिला संगठन मंत्री राम जी, प्रवासी कार्यकर्ता शिवम, जिला संयोजक तेज प्रकाश, जिला सहसंयोजक कमल रंजन, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य सत्या पांडेय आदि मौजूद रहे।

## रबी खेती को पाठा के ढाई सौ किसानों को दिया प्रशिक्षण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** मनगवां पंचायत सचिवालय में अखिल भारतीय समाजसेवा संस्थान ने संचालित बियावल स्वावलंबन कार्यक्रम के तहत रबी फसलों की प्राकृतिक खेती के संदर्भ में टिकरिया क्षेत्र के सात गांवों के 90 महिला-पुरुष किसानों के साथ प्रशिक्षण दिया गया।

गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला ने प्रशिक्षण में किसानों को संस्थान प्राकृतिक खेती के अभिनव प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि ये कार्य कृषि विभाग का है। किसानों



किसानों को प्रशिक्षण देते जिला कृषि अधिकारी।

के हित में कार्य करने पर जोर दिया। परम्परागत देशी बीजों को बचाने के कार्य में किसानों को संस्थान के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। उन देशी बीजों से हमारे परिवार का शारीरिक भला होगा। गाय के उत्पाद से तैयार खाद मिट्टी को अमृत समान है। किसानों को विभाग की ओर से रबी फसलों के बीजों का सहयोग भी कुछ किसानों को करने की बात की। संस्थान संस्थापक गोपाल भाई ने प्रेरक प्रसंगों व प्रेरणादाई गीतों से किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने को संवेदित किया। संस्थान के वरिष्ठ कार्यकर्ता विद्यासागर बाजपाई ने रबी फसलों के सही नियोजन को अपनाने पर जोर दिया। पूर्व में 23-24 सितंबर को मानिकपुर व सकरौंहा में 16 गांवों की 160 महिला-पुरुष किसानों ने प्रतिभाग किया।

संस्थान आर्थिक सहयोग से उच्च शिक्षा प्राप्तकर रही चंद्रमा, निर्मला, रचना आदि बालिकाओं ने प्रकृति, खेती संबंधित प्रेरणास्पद गीतों से प्रशिक्षण के वातावरण में चार चांद लगायें। गांव के किसान राजकुमार बांभिया, देवनाथ पाटिन, रामकिशोर, राम बहादुर जमुनिहाई, राम विश्वास, सुखराम टिकरिया, भीमसेन किहूनिया, संतोष अमचूर नेरुआ, राजू इटवा डुडैला ने पिछले कई वर्षों के प्राकृतिक खेती के अपने अनुभवों को साझा किया। प्रशिक्षण का संचालन समन्वयक विजय सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन संजय शुक्ला ने किया। संस्थान कार्यकर्ताओं वर्षा, जंत्री, अजीत, मोगली, भरत, राजू, प्रवीण, रामराज, श्याम सुंदर का प्रशिक्षण व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## शराब के नशे में डॉक्टर के साथ की मारपीट, मामला दर्ज

**अखंड भारत संदेश**

**पहाड़ी/चित्रकूट।** गर्भवती महिला के साथ आये तीमारदारों ने डाक्टर व फार्मासिस्ट के साथ मारपीट की। तीमारदारों के ऊपर रिपोर्ट दर्ज हुई है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली कर्वी के चकजाफर गांव की महिला लक्ष्मी देवी जो गर्भवती हैं, कल प्रसव वेदना से परेशान थी। परिजनो ने आशा बहू कमलेश सिंह के साथ प्रसव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़ी ले गये। रात्रि करीब दस बजे गर्भवती महिला के कुछ तीमारदार जो शराब के नशे में धुत थे। खाना लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के ऊपरी मंजिल पर स्थित प्रसव कक्ष में घुस गए। तब वहां ड्यूटी में तैनात फार्मासिस्ट अशोक कुमार ने अंदर आने से मना किया तो तीमारदारो ने फार्मासिस्ट के साथ धक्का-मुक्की करने लगे। डा कार्तिकेय कुमार भी पहुंच कर तीमारदारो को समझाना चाहा तो तीमारदारो ने डाक्टर के साथ भी मारपीट कर दी। वहां रखे रजिस्टर फाड़ दिये। स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक मनीष कुमार मौके पर पहुंचे। सभी को पकड़ थाने में बंद कर डा कार्तिकेय कुमार की तहरीर पर तीमारदारों के खिलाफ मारपीट व सरकारी कार्य में बांधा आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दिया है।

## सिलौटा योजना का हुआ निरीक्षण, घरों को मिला रहा पानी-जल संयोजन

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** सिलौटा योजना में जल जीवन मिशन के तहत कराये कार्यों का स्थलीय निरीक्षण हुआ। इस दौरान विभिन्न गांवों में हर घर जल योजना के तहत जल संयोजन व नियमित जलापूर्ति की पुष्टि हुई। वर्तमान में योजना ट्रायल रन में है, जो अगले तीन महीनों तक चलेगा।

बरहट गांव में 92 परिवारों को नल संयोजन प्रदान किया है। जल आपूर्ति की नियमितता सुनिश्चित करने बाबत संबंधित अधिकारियों व पम्प ऑपरेटर के मोबाइल नंबर ग्राम सभाओं में



निरीक्षण करते अधिकारी।

उपलब्ध कराये गये। पाइपलाइन में किसी भी लीकेज की स्थिति में मरम्मत कार्य किया जा रहा है।

प्रोजेक्ट मैनेजर रोहित सहाय ने बताया कि सिलौटा मुस्तकिल पेयजल योजना के तहत अहीरा, बरहट, घुरेहटा गांवों में पानी की नियमित आपूर्ति हो रही है। अहिरा गांव के 226 परिवारों को जल संयोजन दिया गया है। कुछ दिन पहले लाइन में रुकावट के कारण 7-8 घरों में जल आपूर्ति बाधित हुई थी, जिसे तत्परता से ठीक कर दिया गया। घुरेहटा गांव में भी सभी परिवारों को नल संयोजन प्रदान किया गया है, और नियमित जलापूर्ति चालू है। लगभग 30 घरों में पाइपलाइन की तकनीकी खराबी के कारण जल आपूर्ति बाधित हुई थी, जिसे सुधार कर लिया गया है।

## अज्ञात वाहन ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, मां की मौत, बच्ची घायल

### निमंत्रण में जाते समय हुआ हादसा

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बांदा-चित्रकूट मुख्य सड़क पर सुदिनपुर के पास एक भीषण सड़क हादसे में एक महिला की जान चली गई। अज्ञात वाहन ने साइकिल पर सवार परिवार को टक्कर मारी। महिला की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक वर्षीय बच्ची घायल हो गई।

बुधवार देर शाम भरतकूप थाना क्षेत्र के भारतपुर निवासी कमलेश अपनी पत्नी गौरा और एक वर्षीय बच्ची के साथ साइकिल से श्राद्ध निमंत्रण के लिए बदौसा जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने पीछे से साइकिल को जोरदार टक्कर मारकर मौके से फरार हो गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल गौरा और उनकी बच्ची को स्थानीय लोगों की मदद से 108 एंबुलेंस से बांदा मेडिकल कॉलेज लाया गया। चिकित्सकों ने गौरा की हालत को गंभीर देखते हुए प्रयागराज रेफर किया। लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। बच्ची का इलाज चल रहा है।

बुखार-पेटदर्द का कहर

## महिला-बुजुर्ग की मौत, छह से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** बुखार, पेटदर्द व उल्टी की बीमारी से एक महिला व एक बुजर्ग की मौत हो गई। छह से अधिक लोग अस्पताल में भर्ती हैं। भरतकूप थाना क्षेत्र के खपटिहा गांव की रहने वाली बिनीता (45) पत्नी प्रमोद को बुधवार की शाम तेज बुखार और पेटदर्द हुआ। परिजनों के जिला अस्पताल लाते समय रास्ते में उसने दम तोड दिया।



अस्पताल में भर्ती मरीज।

वहीं शिवरामपुर चैकी क्षेत्र के मछरिया गांव के हरी प्रसाद (70) पुत्र बुद्द को बुखार होने पर परिजनों ने बुधवार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज दौरान उनकी मौत हो गई। इसके अलावा केवला (60) पत्नी बरेलाल, रवि पांडेय (34) पुत्र ओमदेव पांडेय, रन्नो (60) पत्नी बंडा, नत्थूलाल (60) पुत्र गोपाल समेत कई अन्य मरीज उल्टी-दस्त व बुखार से पीड़ित होकर जिला अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। रैपुरा थाना क्षेत्र के देवीपुर गांव के हनुमंत (85) को भी गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्वास्थ्य विभाग इस गंभीर स्थिति पर नजर बनाए हुए है, लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

## दहेज उत्पीड़न के तीन आरोपी को तीन-तीन वर्ष की जेल

### पांच-पांच हजार का जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशों के अनुपालन में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ राकेश मौर्या की अगुवाई व पैरोकार प्रदीप कुमार तथा मॉनिटरिंग सेल प्रभारी श्रीप्रकाश यादव की पैरवी तथा सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी गोपाल दास की प्रभावी बहस के चलते न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/फास्ट ट्रैक कोर्ट नीरज कुमार श्रीवास्तव ने दहेज प्रतिषेध अधिनियम के आरोपी रमाशंकर उर्फ विजय शंकर पुत्र नंदलाल यादव, प्रमोद कुमार यादव पुत्र रमाशंकर यादव व छोटकी देवी उर्फ छोटी देवी पत्नी रमाशंकर यादव निवासी चचोखर मजरा कोटवा बरगढ़ को तीन-तीन वर्ष कारावास व पांच-पांच हजार रुपये के जुर्माना से दंडित किया। ज्ञात है कि दस अक्टूबर 2021 को वादी मुन्नीलाल पुत्र छोटकेलाल यादव डभौरा रीवा मप्र ने सूचना दी कि उनकी पुत्री रेखा यादव को ससुरलीजनों ने दहेज की मांग कर पुत्री को जान से मारकर कुआ में फेंक दिया था। सूचना पर घटना बाबत मृतका के पति प्रमोद कुमार यादव, ससुर रमाशंकर उर्फ विजय शंकर, सास छोटकी उर्फ छोटी देवी पर मामला दर्ज किया।

## हत्या के दो आरोपियों को उम्रकैद

### फिरौती बाबत व्यापारी के बेटे की ली थी जान, 28-28 हजार जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** व्यापारी के बेटे संजू उर्फ संजीव के अपहरण व हत्या के मामले में न्यायालय ने दो आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उन्हें आर्थिक दंड भी दिया गया है। अन्य तीन आरोपियों को भी दंडित किया गया है।

सरैया गांव के तीरथ प्रसाद केशरवानी ने 18 मई 2018 को अपने 15 वर्षीय बेटे संजू के गुमशुदा होने की रिपोर्ट मानिकपुर थाने में दर्ज कराई थी। परिवार व रिश्तेदारों के ढूंढने के बावजूद संजू का कोई पता नहीं चला। 24 मई को तीरथ को पता चला कि उसके बेटे को शुभम चैबे के घर में रखा गया है, जहां उसे फोन करके फिरौती के तौर पर 15 लाख रुपये की मांग की गई थी।

26 मई 2018 को पुलिस ने गांव के एक कुएं से संजू का शव बरामद किया। तीरथ ने आरोप लगाया कि संजू के अपहरण और हत्या में सरैया के बृजेन्द्र आरख और अन्य आरोपी शामिल हैं। पुलिस ने मामले की जांच की और आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। विशेष न्यायाधीश नीरज श्रीवास्तव ने इस मामले में निर्णय सुनाते हुए बृजेन्द्र और कौशाम्बी के ओम प्रकाश उर्फ मुन्ना को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। दोनों पर 28-28 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया गया। इसके अलावा अन्य आरोपियों, नन्दकिशोर उर्फ ननका, राजेन्द्र और महेन्द्र को चार-चार वर्ष की कारावास की सजा और 5-5 हजार रुपये का दंड दिया गया।

## हरदौली गांव में लगा किशोरी स्वास्थ्य व जागरूकता शिविर

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान ने पहाड़ी ब्लाक के हरदौली पंचायत भवन में किशोरी स्वास्थ्य व जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। डीएम शिवशरणप्पा जीएन, जिला संयुक्त चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ तनुसा टीआर, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, कोषाध्यक्ष बसंत पंडित पं दीनदयाल उपाध्याय व भारत रत्न नानाजी देशमुख के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

गुरुवार को डीएम ने हरदौली में स्वास्थ्य शिविर लगाया। किशोरियों



शिविर में जागरूक करते अधिकारी।

से कहा कि आप लोग अच्छी पढ़ाई कर नौकरी पर ध्यान दें। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण करायें। महिलायें पुलिस, आर्मी में भर्ती हो रही है। शिक्षा बहुत जरूरी है। दीनदयाल शोध संस्थान व जिला प्रशासन पहल कर रहा है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता कर विद्यालयों में कंप्यूटर इंटरनेट की व्यवस्था करायें। जिला संयुक्त चिकित्सालय की चिकित्साधिकारी डॉ तनुसा टी आर ने किशोरियों से कहा कि दीनदयाल शोध संस्थान से किशोरी सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जो किशोरावस्था में शारीरिक व मानसिक परिवर्तन होता है। अपने मां-बहन को दोस्त बनाना बहुत जरूरी है, ताकि जो समस्यायें हो उसको उनसे बता सकें। कुपोषण, स्वास्थ्य जांच, उपचार, स्वास्थ्य, स्वच्छता, व्यावसायिक प्रशिक्षण, सुरक्षा माफ, किशोरियों की बैठक आदि के बारे में जानकारी दी।

दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर नानाजी देशमुख 75 वर्ष की आयु में चित्रकूट आए। वह 20 वर्ष में मप्र-उप्र के अधिकतर गांवों में स्वालंबन का अभियान चलाकर पाठ पढ़ाया। अस्वस्थ, अशिक्षित, विवाद नहीं रहना चाहिए। स्वास्थ्य शिविर में स्वास्थ्य के बारे में परीक्षण करके उपचार दिलाया जाएगा। गांव में 12 महीना हरी सब्जी आप लोगों को मिलती है। उसका प्रयोग करें उन्होंने कहा बीमारी अशुद्ध पेयजल खान-पान से स्वास्थ्य खराब होता है साफ स्वच्छ खान-पान करें सहजन मुनगा अमृत है इसका प्रयोग आप लोग अवश्य करें।

## युवक ने फांसी लगा की आत्महत्या, पुलिस जांच में जुटी

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ थाना क्षेत्र के कोपा पुरवा निवासी राघवेन्द्र सिंह (26) का शव उनके कच्चे घर के अंदर फांसी पर लटकता मिला। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची। शव को परिजनों की मदद से मऊ सीएचसी लाया गया। जहां चिकित्सक ने राघवेन्द्र को मृत घोषित कर दिया। प्रधान ने बताया कि राघवेन्द्र ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाया है। मृतक की पत्नी का नाम सुमित्रा है। उनके एक डेढ़ साल की बेटी भी है। राघवेन्द्र खेती-किसानी का कार्य करता था। उनका परिवार बेहद गरीब था।


## पुलिस की तत्परता से कुछ घंटे में सकुशल मिलीं दो नाबालिग बच्चियां

**पहाड़ी/चित्रकूट।** पहाड़ी थाने के कलवारा बुजुर्ग निवासी गोविंद पुत्र अवधनारायण उपाध्याय ने थाने में सूचना दी कि उसके चाचा राजनारायन की 17 वर्षीय पुत्री गुंजन व भाई लवलेश की 15 वर्षीय पुत्री पलक मां-बाप की डांट से क्षुब्ध होकर तीन घंटे पहले बिना बताये कहीं चले गये हैं। काफी खोजबीन बाद जब पता नहीं चला तो किसी अनहोनी की आशंका बाबत सूचना दी। प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए गुमशुदगी दर्जकर एक टीम गठित कर तत्काल खोजबीन शुरू कर दिया। टीम की मेहनत रंग लाई। हुलिया व फोटो के आधार पर लोढवारा श्रमदान के पास एकांत में बैठी दोनों बालिकाओं को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया। सकुशल बालिकाओं की बरामदगी पर परिजनों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## 44 क्वार्टर शराब समेत दो दबोचे

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण व बिक्री की रोकथाम को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार की अगुवाई में दरोगा इमरान खान ने सिपाही लवकुश यादव के साथ बुदुलिया पुत्र रजुवा कनकोटा को 27 क्वार्टर देशी शराब समेत गिरफ्तार किया। उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहम मामला दर्ज किया। इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की अगुवाई में दरोगा यूटी शिवम कनौजिया ने सिपाही महेन्द्र कुमार के साथ कल्लू पुत्र रामसजीवन को 17 क्वार्टर शराब समेत गिरफ्तार किया।

# यूक्रेन की राजधानी पर लगातार पांच घंटे तक रूस ने किए हवाई हमले, मिसाइल और ड्रोन से पावर ग्रिड को बनाया निशाना



**कीव: रूस की** वायु सेना ने यूक्रेन की राजधानी कीव पर रात में पांच घंटे तक लगातार हमले किए हैं, जिसका यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणाली ने मुकाबला किया। वहीं, रूसी मिसाइलों और ड्रोन ने एक बार फिर यूक्रेन के पावर ग्रिड पर हमला किया है। कीव के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इस बारे में जानकारी दी। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने कहा कि कीव पर हुए हमले में कम से कम दो लोग घायल हुए हैं।

रूसी हमले का तीसरा साल

कीव सैन्य प्रशासन ने कहा कि शहर में एक किंडरगार्टन, एक गैस पाइप और करीब 20 कार क्षतिग्रस्त हो गईं। लंबी दूरी के हमले यूक्रेन में रूस के सैन्य अभियान की पहचान रहे हैं तथा अक्सर नागरिक क्षेत्रों को निशाना बनाते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध का यह तीसरा वर्ष है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, विद्युत नेटवर्क पर हमलों के कारण यूक्रेन की ऊर्जा उत्पादन क्षमता का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा नष्ट हो गया है।

वायु रक्षा प्रणाली यूक्रेन के लिए एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है, और राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की अपने देश के लिए निरंतर अमेरिकी सैन्य समर्थन सुनिश्चित करने के प्रयास के तहत बृहस्पतिवार को वाशिंगटन में राष्ट्रपति जो बाइडन से मिलने वाले हैं। क्षेत्रीय गवर्नर स्वितलाना ओनिशचुक ने बताया कि यूक्रेन के पश्चिमी इवानो-फ्रैंकिवस्क क्षेत्र में ऊर्जा अवसंरचना प्रभावित हुई है, जिसके कारण इसी नाम की क्षेत्रीय राजधानी के कुछ हिस्सों में ब्लैकआउट हो गया है। यूक्रेन की वायु सेना ने बताया कि रूस ने बुधवार से बृहस्पतिवार की रात यूक्रेन पर छह मिसाइलें और 78 शाहिद ड्रोन दागे। उसने बताया कि रक्षा बलों ने चार मिसाइलों और 66 ड्रोन को हवा में ही नष्ट कर दिया।

# भारत से क्यों भागा जाकिर नाइक? बेटे ने सामने आकर खोला राज, बताया कितने लोगों को बनाया मुसलमान

**कुआलालांपुर: भारत में** कई मामलों में वांटेड चल रहा इस्लामिक उपदेशक जाकिर नाइक अक्टूबर में पाकिस्तान जा रहा है। जाकिर नाइक का बेटा शेख फारिक नाइक भी पाकिस्तान के दौरे पर साथ होगा। दोनों को पाकिस्तान सरकार ने निमंत्रण भेजा है, जहां बाप-बेटे कराची, लाहौर और इस्लामाबाद में जलसे को संबोधित करेंगे। पाकिस्तान जाने से पहले जाकिर नाइक के बेटे ने एक पाकिस्तानी यूट्यूबर को इंटरव्यू दिया है। उसने अपने पिता और भारत के बारे में कई बातें की हैं।

पाकिस्तान के यूट्यूबर ने नादिर अली ने फारिक नाइक से उसके परिवार के भारत छोड़कर भागने के बारे में सवाल किया। इस पर फारिक ने कहा कि जब यह मामला शुरू हुआ तो उसका परिवार भारत में नहीं था। फारिक ने कहा कि 'बहुत से लोग बोलते हैं कि डॉ. जाकिर नाइक भाग गए, वो सही नहीं है। असल में हम लोग इंडिया में थे ही नहीं।' उसने कहा कि 'अगर हम इंडिया में होते और वहां से भागते तो वह भागना होता।' नादिर के सवाल पर फारिक ने बताया कि ईद के एक दिन पहले यह पूरा विवाद शुरू हुआ था। उस समय उसका परिवार मक्का में था। फारिक ने बांग्लादेश में हुए बम ब्लास्ट का जिक्र किया और बताया कि कैसे एक फॉलोवर के चलते उसके पिता जाकिर नाइक निशाने पर थे।

'पिता पर लगा झूठा आरोप'

साल 2016 में बांग्लादेश में एक बम ब्लास्ट हुआ था। बांग्लादेशी अखबार डेली स्टार ने एक हमलावर के बारे में बताया था कि वह जाकिर नाइक के उपदेशों से प्रभावित था और सोशल मीडिया पर उसका फॉलोवर था। फारिक ने अपने पिता को बेकसूर बताया और कहा कि 'उनके ऊपर केवल इसलिए आतंकवाद फैलाने का आरोप लगाया गया क्योंकि हमलावरों में एक उनके पिता को फेसबुक पर फॉलो करता था।'



फारिक ने आगे बताया कि 'हमने कहा कि एक भी बयान दिखा दीजिए जिसमें हमने आतंकवाद का समर्थन किया हो।... हमने काफी विचार किया, लेकिन मीडिया ने बात को इतना बढ़ाया कि हमने फैसला किया कि हम इंडिया नहीं जाएंगे।' फारिक ने बताया कि भारत सरकार का कहना था कि जाकिर नाइक पहले भारत आएं, फिर उनके ऊपर चार्ज लगाया जाएगा।

उसने आरोप लगाया कि 'हमें पता है कि किस तरह भारत समेत दुनिया भर में लोगों को झूठे आरोप लगाकर जेलों में डालकर जिंदगी बर्बाद कर दी जाती है। इसलिए अब्बा ने कहा कि आपको जो करना है, हम जूम पर कर लेते हैं। लेकिन वो लोग (भारत सरकार) इस पर सहमत नहीं हुए।'

उसने कहा कि अगर हमारे मामले में निष्पक्ष सुनवाई होती तो हम लोग जरूर वापस जाते। इसके बाद उसने भारतीय न्यायपालिका पर निष्पक्ष न होने का आरोप लगाया और मोदी सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहराया।

इस्लाम अपनाने में कौन आगे?


एक सवाल के जवाब में उसने बताया कि पूरी दुनिया में लोग इस्लाम कबूल करने वाले लोग उनसे संपर्क करते हैं। उसने यह भी कहा कि 'इस्लाम स्वीकार करने वालों में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या ज्यादा है। इसकी वजह है कि इस्लाम ने महिलाओं को बहुत इज्जत दी है। पश्चिमी सभ्यता ने महिलाओं का बहुत अपमान किया है।' उसने दावा किया कि 9/11 के बाद पश्चिमी देशों में इस्लाम कबूल करने वालों में दो तिहाई महिलाएं हैं।

इसके बाद नादिर अली ने फारिक से पूछा कि जाकिर नाइक ने तो दो-तीन सौ लोगों को इस्लाम कबूल करवाया है, आपने कितने लोगों को इस्लाम कबूल करवाया। इस पर फारिक ने बताया कि उसने सिर्फ 'दो-तीन लोगों को ही इस्लाम कबूल करवाया है।' उसने यह भी कहा कि पीस टीवी के जरिए बहुत से इस्लाम कबूल करते हैं।

# बांग्लादेश से शेख हसीना को हटाने वाले आंदोलन की हुई थी पूरी प्लानिंग

**न्यूयॉर्क: बांग्लादेश** की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने आखिरकार स्वीकार कर लिया कि शेख हसीना के खिलाफ शुरू हुआ आंदोलन स्वतः नहीं था। संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में हिस्सा लेने गए मोहम्मद यूनुस ने न्यूयॉर्क में एक कार्यक्रम में शेख हसीना के खिलाफ शुरू हुए आंदोलन के पीछे के असली मास्टरमाइंड के बारे में बताया। इस शख्स को मोहम्मद यूनुस ने अपना विशेष सहायक बना रखा है।

मोहम्मद यूनुस जब न्यूयॉर्क में क्लिंटन ग्लोबल इनिशिएटिव में बोल रहे थे, तो उनके साथ पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति बिल क्लिंटन भी मौजूद थे। इस दौरान यूनुस ने शेख हसीना की सरकार को उखाड़ फेंकने वाले आंदोलन के पीछे के असल दिमाग के बारे में बताया।



यूनुस का सहायक है महफूज

ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, मोहम्मद यूनुस ने अपने विशेष सहायक महफूज आलम का परिचय कराते हुए कहा, 'वे भी किसी अन्य युवा की तरह ही दिखते हैं, जिन्हें आप पहचान नहीं पाएंगे। लेकिन जब आप उन्हें काम करते हुए देखेंगे, जब आप उन्हें बोलते हुए सुनेंगे, तो आप हिल जाएंगे। उन्होंने अपने भाषणों, अपने समर्पण और अपनी प्रतिबद्धता से पूरे देश को हिला दिया।'

मोहम्मद यूनुस ने महफूज आलम के नेतृत्व की तारीफ करते हुए उसे पूरे आंदोलन का दिमाग बताया। यूनुस ने कहा, 'उन्हें पूरी क्रांति के पीछे का दिमाग माना जाता है। वे बार-बार इससे इनकार करते हैं, लेकिन उन्हें इसी तरह पहचाना जाता है। पूरी चीज के पीछे उनका दिमाग है। यह अचानक नहीं हुआ। इसे बहुत अच्छी तरह से डिजाइन किया गया। यहां तक कि नेतृत्व पैटर्न भी।'

उन्होंने आगे कहा, 'लोग नहीं जानते कि नेता कौन है। इसलिए आप किसी को पकड़कर यह नहीं कह सकते कि ठीक है।

# हिजबुल्लाह के ये 5 हथियार इजरायल के लिए बन सकते हैं काल

**बेरूत: हिजबुल्लाह** और इजरायल के बीच संघर्ष चल रहा है। लगातार एयर स्ट्राइक के बावजूद भी इजरायल हिजबुल्लाह को खत्म नहीं कर पा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण है कि हिजबुल्लाह दुनिया का सबसे बड़ा सैन्य संगठन है, जिसका संबंध किसी देश से नहीं है। पिछले साल गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से ही हिजबुल्लाह इजरायल पर कुछ हमले करता रहा है। लेकिन पिछले सप्ताह से संघर्ष बढ़ गया है। इजरायल लगातार हमला करके हिजबुल्लाह को नुकसान पहुंचाने में लगा है। लेकिन हिजबुल्लाह की ताकत इतनी बड़ी है कि उसे खत्म करना इतना आसान नहीं। आइए समझें।

हिजबुल्लाह के पास खतरनाक ड्रोन हैं, जिसका इस्तेमाल वह इजरायली ठिकानों की निगरानी के साथ-साथ उनके ऊपर हमले के लिए करता है। नवंबर में हिजबुल्लाह ने विस्फोटक से भरे ड्रोन का इस्तेमाल किया था। तब गोलान हाइट्स में इजरायली सेना के एक पोस्ट पर हमला हुआ था, जिसमें दो इजरायली सैनिक घायल हो गए थे। आयरन डोम को तबाह करने की कोशिश में इसने ड्रोन का इस्तेमाल किया है।

# डोनाल्ड ट्रम्प का बड़ा दावा, बोले- ईरान से मेरी जान को खतरा

**वाशिंगटन। अमेरिका** के पूर्व राष्ट्रपति एवं रिपब्लिकन पार्टी के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प ने बुधवार को कहा कि ईरान उनके जीवन और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

श्री ट्रम्प ने ईरान द्वारा अमेरिका को अस्थिर करने के प्रयास में उनकी हत्या करने की कथित धमकियों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना अब इस पर नजर रख रही है।

गौरतलब है कि श्री ट्रम्प के चुनाव अभियान टीम ने एक प्रेस विज्ञप्ति में मंगलवार को कहा था कि कि पूर्व राष्ट्रपति को राष्ट्रीय खुफिया निदेशक के कार्यालय ने ईरान द्वारा उनकी (श्री ट्रम्प) हत्या के संभावित प्रयासों के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने कहा कि ईरान श्री



ट्रम्प की ताकत और संकल्प से "भयभीत" है और वह चाहता है कि डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस चुनाव जीतें।

श्री ट्रम्प ने एक्स पर कहा, "ईरान द्वारा मेरी जान को बड़ा खतरा है। अमेरिकी सेना बारीकी से नजर रख रही है। ईरान ने पहले भी कई कदम उठाए हैं, जो कारगर नहीं हुए, लेकिन वे फिर से कोशिश करेंगे। किसी के लिए भी यह अच्छी स्थिति नहीं है। मैं पहले से कहीं ज्यादा लोगों, बंदूकों और हथियारों से घिरा हुआ हूँ। सीक्रेट सर्विस को ज्यादा पैसे देने के लिए कांग्रेस को धन्यवाद। "

अमेरिका के खुफिया विभाग के अधिकारियों ने पहले ही श्री ट्रम्प को सूचित कर दिया था कि पिछले कुछ महीनों में ये खतरे बढ़ गए हैं,

और सभी एजेंसियों के अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि पूर्व राष्ट्रपति सुरक्षित रहें। जुलाई से श्री ट्रम्प पर दो बार हत्या के प्रयास किए गए हैं, लेकिन इन प्रयासों को ईरान से जोड़ने वाले कोई सबूत सामने नहीं आए हैं।

# कनाडा में बच गई जस्टिन ट्रूडो सरकार, गिरा अविश्वास प्रस्ताव

**ओटावा: कनाडा** के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो बुधवार को अपनी अल्पसंख्यक लिबरल सरकार के पहले बड़े परीक्षण में सफलता मिल गई। अविश्वास प्रस्ताव से बाल-बाल बच गए, ट्रूडो की लोकप्रियता नौ साल के कार्यकाल में काफी घट गई है। एक गरमागरम बहस के बाद लिबरल को हटाने और अचानक चुनाव कराने के कंजर्वेटिव प्रस्ताव के खिलाफ 211 के मुकाबले 120 वोट पड़े। हालांकि, सत्ता पर ट्रूडो की कमजोर पकड़ को आने वाले दिनों और हफ्तों में और अधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि मुख्य विपक्षी कंजर्वेटिव ने मंगलवार को सरकार को गिराने की फिर से कोशिश करने की कसम खाई है। जनमत सर्वेक्षणों में बहुत आगे, टोरी नेता पियरे पोयलिवर अचानक चुनाव के लिए उत्सुक हैं, क्योंकि वामपंथी न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी (एनडीपी) ने इस महीने की शुरूआत में लिबरल के साथ गठबंधन समझौते को तोड़ दिया था, जिससे ट्रूडो सरकार के गिरने का खतरा बना हुआ है। आक्रामक पोयलिवर ने ट्रूडो की तीखी आलोचना की है। उन्हें हर मोर्चे पर विफल करार दिया है। उनके मुताबिक वर्तमान कनाडियाई पीएम बढ़ती महंगाई, आवासीय संकट और अपराध से निपटने में विफल रहे हैं, जबकि राष्ट्रीय ऋण दोगुना हो गया है।

कॉमन्स डिबेट के दौरान उन्होंने कहा, 'नौ साल की लिबरल सरकार के बाद, कनाडा का वादा टूट गया है।'

# इजरायल-लेबनान में नहीं होगा युद्धविराम

**यरूशलेम: इजरायल** के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के लेबनान में युद्धविराम के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। अमेरिका और दूसरे यूरोपीय देशों ने लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ 21 दिनों के युद्धविराम का प्रस्ताव दिया था। नेतन्याहू के कार्यालय से एक बयान में कहा गया, "यह एक अमेरिकी-फ्रेंच प्रस्ताव है, जिस पर प्रधानमंत्री ने कोई प्रतिक्रिया भी नहीं दी है।" बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री ने इजरायली सेना को पूरी ताकत से लड़ाई जारी रखने का आदेश दिया है।

इजरायल ने लेबनान को हवाई हमलों से किया तबाह

पिछले एक हफ्ते में इजरायल के हवाई हमलों में लेबनान में लगभग 1000 लोगों की मौतें हो चुकी हैं। मरने वालों में बच्चे और महिलाएं भी शामिल हैं। इजरायल का कहना है कि वह हिजबुल्लाह के लड़ाकों और उसके सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहा है। इजरायल ने पहले ही लेबनानी नागरिकों को कुछ खास इलाकों से दूर रहने की चेतावनी दी है। इजरायली पीएम नेतन्याहू ने एक वीडियो मैसेज जारी कर कहा था कि उनके देश की लड़ाई लेबनानी नागरिकों के साथ नहीं है, बल्कि हिजबुल्लाह के खिलाफ है।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और उनके अन्य सहयोगियों के एक संयुक्त बयान में कहा गया है, "लेबनान की स्थिति असहनीय हो गई है। यह किसी के हित में नहीं है, न ही इजरायल के लोगों के और न ही लेबनान के लोगों के। हम कूटनीतिक समझौते के निष्कर्ष की दिशा में कूटनीति के लिए जगह बनाने के लिए लेबनान-इजरायल सीमा पर तत्काल 21 दिवसीय युद्धविराम का आह्वान करते हैं।"

# भारत में चीनी दूतावास ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक सत्कार समारोह आयोजित किया

**बीजिंग। भारत** में चीनी दूतावास ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की स्थापना की 75वीं वर्षगांठ मनाने के लिए एक सत्कार समारोह आयोजित किया। भारत के विदेश मंत्रालय के संयुक्त सचिव (पूर्वी एशिया) गौरांगलाल दास ने भारत सरकार, राजनीतिक दलों, व्यवसायों, थिंक टैंक, मीडिया और चीनी राजनयिकों के प्रतिनिधियों सहित 700 से अधिक उपस्थित लोगों के साथ भाग लिया। भारत में चीनी राजदूत श्यू फेइहोंग ने पिछले 75 वर्षों में चीन की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला, देश के आधुनिकीकरण प्रयासों की सफलता पर जोर दिया। उन्होंने टिप्पणी की कि आधुनिकीकरण के लिए चीनी मार्ग प्रभावी साबित हुआ है, राष्ट्र ने विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त विकास मील के पत्थर हासिल किए हैं। इसके बावजूद, राजदूत श्यू ने इस बात पर जोर दिया कि चीन "ग्लोबल साउथ" का हिस्सा बना हुआ है और एक विकासशील देश के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने शांतिपूर्ण विकास और वैश्विक शांति, सुरक्षा, समृद्धि और प्रगति को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका के लिए चीन की प्रतिबद्धता की पुष्टि की। राजदूत श्यू ने चीन-भारत संबंधों के सकारात्मक प्रक्षेपवक्र पर भी बात की और कहा कि इस वर्ष दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत हुए हैं।




उन्होंने आपसी सम्मान, समझ, विश्वास और सहयोग पर आधारित द्विपक्षीय संबंधों के स्वस्थ और स्थिर विकास को सुनिश्चित करने के लिए भारत के साथ सहयोग करने के लिए चीन की तत्परता व्यक्त की। उपस्थित लोगों ने पिछले 75 वर्षों में चीन की उपलब्धियों की सराहना की और भारत-चीन संबंधों के भविष्य में रचनात्मक रूप से योगदान देने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# मुस्लिम देशों के समूह OIC ने फिर भारत के खिलाफ उगला जहर

**इस्लामाबाद: इस्लामिक देशों** के समूह ऑर्गनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन (ओआईसी) ने एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगला है। पाकिस्तान के इशारे पर काम कर रहे ओआईसी ने कश्मीर को लेकर जमकर बयानबाजी की है। ओआईसी ने कश्मीर पर कथित तौर पर एक संपर्क समूह का गठन किया है। इस संपर्क समूह ने अब कश्मीरी लोगों के आत्मनिर्णय के अधिकार का राग अलापा है। ओआईसी संपर्क समूह ने उनके "वैध" संघर्ष के लिए अपने समर्थन की पुष्टि करन का भी दावा किया है। बड़ी बात यह है कि इसी ओआईसी के संपर्क समूह ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर और गिलगित बाल्टिस्तान पर भारत के बयानों को अनुचित बताते हुए खारिज किया है।




ओआईसी ने अपने बयान में क्या कहा

न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के इतर एक अलग मुलाकात के बाद ओआईसी ने एक संयुक्त विज्ञप्ति जारी की। इसमें कश्मीर में हो रहे विधानसभा चुनाव और हो चुके संसदीय चुनाव को लेकर भी जमकर जहर उगला गया। ओआईसी के संयुक्त बयान में का गया है, "जम्मू और कश्मीर में संसदीय चुनाव या विधान सभा चुनाव कश्मीरी लोगों को आत्मनिर्णय का अधिकार देने के विकल्प के रूप में काम नहीं कर सकते।" इसने इस बात पर जोर दिया कि "दक्षिण एशिया में स्थायी शांति और स्थिरता संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों और कश्मीरी लोगों की आकांक्षाओं के अनुसार कश्मीर विवाद के अंतिम समाधान पर निर्भर है।"

ओआईसी क्या है

इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) एक अंतर-सरकारी संगठन है जो मुस्लिम दुनिया के हितों की रक्षा और सुरक्षा के लिए काम करता है। यह संगठन चार महाद्वीपों में फैले 57 देशों से मिलकर बना है। बड़ी बात यह है कि मुसलमानों की संख्या के हिसाब से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा देश भारत इसका सदस्य नहीं है। ओआईसी की स्थापना 1969 में मोरक्को के रबात में हुई थी। पहले इसका नाम इस्लामिक सम्मेलन का संगठन था। ओआईसी का मुख्यालय सऊदी अरब के जेद्दा शहर में है। ओआईसी की आधिकारिक भाषाएं अरबी, अंग्रेजी, और फ्रेंच हैं।

कश्मीर पर पाकिस्तान का समर्थन करता है ओआईसी

ओआईसी शुरू से ही कश्मीर मुद्दे पर पाकिस्तान का समर्थन करता है। उसने कई मौकों पर कश्मीर को लेकर भारत की आलोचना भी की है। इन आलोचना की स्क्रिप्ट पाकिस्तान लिखता है, जिसे ओआईसी सिर्फ अपने नाम से जारी करता है। भारत ने हर बार कश्मीर को लेकर ओआईसी के बयानों की तीखी आलोचना की है और इस मुद्दे से दूर रहने की सलाह दी है।